दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



लालबागचा राजा के दर्शन......

मेल एक्टर्स को मिलते हैं....

वर्ष : 11 | अंक : 255 | लखनऊ, 04 सितम्बर, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# योगी का 'विकसित भारत' मंत्र: युवा शक्ति बनाएगी देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है और अगले दो वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, जबकि वर्तमान में यह चौथे स्थान पर है। मुख्यमंत्री आईआईटी कानपुर में 'समन्वय' के माध्यम से उद्योग-अकादमिक संपर्क कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और स्थिरता पर विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएँगे और उन सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिन्हें लेकर आज आम नागरिक समाज, देश और दुनिया चिंतित है और उनका लाभ उठाकर आगे बढ़ना चाहता है।

भारत की ऐतिहासिक आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत का योगदान 25% था। एक सदी बाद, भारत दूसरे नंबर पर पहुँच गया, जबकि चीन शीर्ष पर रहा; हालाँकि, पिछले 150-200 वर्षों में, एक महत्वपूर्ण घटना घटी जिसके कारण भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट आई। 1947 तक, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत का योगदान केवल 2 प्रतिशत रह गया। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं और अब यह विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है।

उन्होंने आगे कहा कि आज हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और अगले दो वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएँगे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगमों में 12 घंटे का विशेष अभियान

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों में स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और जन-जागरुकता के लिए 12 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों के अनुरूप स्थानीय समस्याओं का समाधान करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई। यह अभियान न केवल लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में सफल रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है। बयान के अनुसार लखनऊ नगर निगम ने सभी आठ जोनों में 32 कर वसूली और शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में 1,365 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया और एक दिन में 2.30 करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। गोरखपुर नगर निगम ने दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित किए। इसके अलावा एकल इस्तेमाल प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना भी लगाया गया। वाराणसी में नगर निगम की टीम ने भरत मिलाप कॉलोनी और महेश नगर कॉलोनी के 86 घरों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया।

# पंजाब में बाढ़ का भयावह रूप! 30 मौतें, 1400 गांव जलमग्न

### लाखों लोग बेघर हुए, स्कूल-कॉलेज 7 सितंबर तक बंद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पंजाब में भारी बारिश जारी है। भाखड़ा सहित विभिन्न बांधों से नियंत्रित मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद राज्य में बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई है। बाढ़ में कम से कम 30 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि पाँच लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 1,400 गाँव जलमग्न हो गए हैं। आधिकारिक आँकड़े बताते हैं कि बाढ़ ने पंजाब के 23 जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे 1,400 से ज्यादा गाँव और 3,50,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य के बारह ज़िले बुरी तरह प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित ज़िलों में पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर और फिरोजपुर शामिल हैं। गौरतलब है कि पंजाब चार दशकों में सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है।

### स्कूल, कॉलेज सात सितंबर तक बंद रखने की घोषणा की

पंजाब सरकार ने बुधवार को राज्य में बाढ़ की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सात सितंबर तक बंद रखने की घोषणा की। इस संबंध में पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की। उन्होंने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शानुसार, बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, पंजाब भर के सभी सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा पॉलिटेक्निक सात सितंबर, 2025 तक बंद रहेंगे।

बैंस ने कहा, सभी से स्थानीय प्रशासन के दिशानिदेर्शों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध है। इससे पहले, सरकार ने तीन सितंबर तक सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टियां घोषित कर दी थीं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद सतलुज, व्यास और रावी नदियों और मौसमी नालों में उफान के कारण पंजाब में भारी बाढ़ आ गई है। पंजाब में बारिश ने राज्य में बाढ़ की स्थिति और भी बदतर कर दी है। पूरा पंजाब वर्षा जनित घटनाओं से प्रभावित है जिनमें 30 लोगों की जान चली गई है और 3.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

# प्रियंका गांधी ने वायनाड में सरकारी मेडिकल कॉलेज को मंजूरी का स्वागत किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता एवं वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने वायनाड में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज की मंजूरी का बुधवार को स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से संजोया गया यह सपना सच हो गया है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने मंगलवार को केरल के वायनाड और कासरगोड जिलों में दो नये सरकारी मेडिकल कॉलेज को मंजूरी दी। प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वायनाड के लाखों लोगों के अनुरोध, राहुल गांधी के निरंतर प्रयास और मामले में तेजी लाने के हमारे सभी प्रयासों का फल मिला है। उन्होंने कहा, हमारी अपीलों को सुनने और वायनाड के नागरिकों के लिए मजबूत स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम उठाने के लिए सभी संबंधित पक्षों का हार्दिक धन्यवाद। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य सरकार निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा कॉलेज को यथाशीघ्र चालू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। प्रियंका ने कहा, आइए, हम सब मिलकर उन लोगों के विकास और प्रगति के साझा लक्ष्य की ओर काम करें जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। मेरे सभी भाइयों और बहनों को बधाई, जो इस पल का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

# छात्रों पर लाठीचार्ज से गुस्सा: बाराबंकी से लखनऊ तक बवाल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लखनऊ-देवा रोड पर श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (एसआरएमयू) के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों पर लाठीचार्ज के एक दिन बाद यह मुद्दा तब भड़क गया जब एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कैसरबाग के पास एक कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाठीचार्ज पर नाराजगी व्यक्त की, जिम्मेदार सीओ को हटाने का आदेश दिया और घटना और एसआरएमयू की डिग्री की वैधता दोनों की जांच का निर्देश दिया।

सीएम के निर्देश के बाद, शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने बाराबंकी सीओ (शहर) हर्षित चौहान, शहर कोयवाली के प्रभारी निरीक्षक आरके राणा, गदिया पुलिस चौकी प्रभारी को हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया। योगी ने अयोध्या मंडलायुक्त राजेश कुमार को संबंधित कॉलेज की डिग्री की वैधता की जाँच करने और मंगलवार शाम तक विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार को लाठीचार्ज की घटना की जाँच करने के निर्देश दिए। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में एकत्रित हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सीओ द्वारा क्षेत्राधिकारी को हटाने की घोषणा के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। एबीवीपी कार्यकताओं ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में 4-5 महिला कार्यकताओं समेत लगभग एक दर्जन कार्यकर्ता घायल हो गए। उन्होंने बताया कि एबीवीपी कार्यकताओं ने एसआरएमयू प्रशासन के खिलाफ अनियमितताओं, बार काउंसिल ऑफ इंडिया से लॉ कोर्स का नवीनीकरण न कराने, छात्रों के उत्पीड़न और मनमानी फीस वसूली के खिलाफ प्रदर्शन किया। लखनऊ में राजभवन के बाहर समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। खास बात ये है सपा ने ये प्रदर्शन अइश्ढ वालों पर लाठी चार्ज के विरोध में किया। वहीं, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर हुए लाठीचार्ज का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, बाराबंकी में छात्रों पर लाठीचार्ज सरकार की विफलता और हताशा का प्रतीक है ह्व कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने अस्पताल पहुँचकर घायल एबीवीपी कार्यकताओं को पूरा समर्थन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार युवा शक्ति का दमन करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू कश्मीर: माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन, कोई हताहत नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर बुधवार को भूस्खलन हुआ जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तीर्थयात्रा पहले से ही स्थगित है। भारी वर्षा और भूस्खलन के खतरे के मद्देनजर एहतियाती उपाय के तौर पर अधिकारियों के आवास भी खाली करा दिए गए हैं। भूस्खलन मार्ग के सम्मार पॉइंट पर हुआ, जिससे मंदिर जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, क्योंकि वहां कोई तीर्थयात्री नहीं था। मलबा हटाने के प्रयास जारी हैं। बुधवार को नौवें दिन भी तीर्थयात्रा स्थगित रही, जिससे श्रद्धालुओं के नहीं होने के कारण कटरा आधार शिविर सूना रहा।

### राजधानी पटना में जल्द ही रफ्तार पकड़ने जा रही है मेट्रो रेल

#### नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार ने की समीक्षा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजधानी पटना में मेट्रो रेल अब जल्द ही रफ़्तार पकड़ने वाली है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार ने बुधवार को पटना मेट्रो परियोजना के दो प्रमुख स्थलों मेट्रो डिपो और जीरो माइल मेट्रो स्टेशन का दौरा कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मेट्रो डिपो में मंत्री जीवेश कुमार ने आधुनिक रौलिंग स्टॉक (मेट्रो ट्रेनों) का निरीक्षण किया और उनके संचालन एवं रख-रखाव के लिए निर्मित विशेष सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# आपदा प्रभावित राज्यों को मिले तत्काल विशेष पैकेज : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बाढ़, भूस्खलन और बारिश जारी रहने के कारण, इन राज्यों के कुछ हिस्सों में रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच, दिल्ली-एनसीआर के लिए चेतावनी कम कर दी गई है। कटऊ द्वारा जारी चेतावनियों के अनुसार, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर, कई राज्यों और शहरों ने छात्रों की सुरक्षा के लिए स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। नोएडा, गाजियाबाद, चंडीगढ़, शिमला और जम्मू-कश्मीर में बुधवार को स्कूल बंद रखने का निर्देश दिया गया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि बाढ़ प्रभावित पंजाब और प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे कुछ अन्य राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज जारी किए जाएं। राहुल ने एक वीडियो जारी कर पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की स्थिति को लेकर चिंता जताई और कहा कि इनके लिए तत्काल राहत पैकेज की घोषणाकरने की जरूरत है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा, मोदी जी, पंजाब में बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी स्थिति बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपका ध्यान और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हजारों परिवार अपने घर, जीवन और अपनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों के लिए, खासतौर पर किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की तत्काल घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों को तेज किया जाए।

### आईएमडी ने जम्मू-कश्मीर में और बारिश की भविष्यवाणी की है

अधिकारियों ने बताया कि गौरतलब है कि मंगलवार शाम कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जबकि मौसम विभाग ने घाटी के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार शाम रुक-रुक कर बारिश हुई और ज्यादातर हिस्सों में बारिश की तीव्रता हल्की से मध्यम रही, जबकि दक्षिण कश्मीर के कुछ इलाकों में भारी बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम के पूवार्नुमान को देखते हुए सभी संबंधित विभाग हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक घाटी में झेलम नदी और अन्य जलाशय बाढ़ की चेतावनी के निशान से काफी नीचे बह रहे हैं।

# यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जल्द ही संपन्न हो जाने की उम्मीद: जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत चाहता है कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उसकी बातचीत जल्द ही किसी निर्णायक नतीजे पर पहुंचे। जयशंकर ने जर्मनी के अपने समकक्ष जोहान वेडफुल के साथ व्यापक वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता में अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, रक्षा, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी जर्मनी के लक्ष्य की सराहना करते हैं। विदेश मंत्री ने निर्यात नियंत्रण के मुद्दों को सुलझाने के लिए भी जर्मनी की प्रशंसा की। जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के लिए जर्मनी की दिलचस्पी का भी स्वागत किया। विदेश मंत्री ने कहा कि वेडफुल ने उन्हें बताया कि जर्मनी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के समर्थन में अपना पूरा जोर लगायेगा। जयशंकर ने कहा कि भारत और जर्मनी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

# 30 सितंबर तक जम्मू-कटरा रूट पर 68 ट्रेनें रद्द, जम्मू तवी और वैष्णो देवी कटरा के बीच शटल सेवाएं भी रद्द

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, भारतीय रेलवे ने भारी बारिश के कारण जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने-जाने वाली 68 ट्रेनों को 30 सितंबर तक रद्द कर दिया है, जबकि 24 ट्रेनों के सेवा बहाल होने की उम्मीद है। लगातार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण पिछले आठ दिनों से जम्मू संभाग में रेल यातायात बाधित है, जिससे पठानकोट-जम्मू खंड सहित कई जगहों पर पटरियों का संरेखण गड़बड़ा गया है और रेलगाड़ियाँ टूट गई हैं। इन घटनाओं के मद्देनजर, 26 अगस्त से जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हजारों लोग, खासकर तीर्थयात्री, फंस गए हैं, जिससे रेल और सड़क यातायात बुरी तरह बाधित हुआ है। कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के पास हुए भूस्खलन में 34 लोगों की जान चली गई। जम्मू क्षेत्र में बुधवार तक 380 मिमी बारिश के साथ 1910 के बाद से सबसे भारी बारिश दर्ज की गई। एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, फंसे हुए यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए, निम्नलिखित ट्रेन सेवाएँ चलाई जा रही हैं: जम्मू तवी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा (2 शटल सेवाएँ), जम्मू तवी-कोलकाता और श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली।

### जम्मू-कटरा सेक्शन में चार ट्रेनें शामिल

अधिकारी ने बताया कि 1 से 15 सितंबर तक चलने वाली शटल सेवा के लिए जम्मू-कटरा सेक्शन में चार ट्रेनें शामिल की गई हैं। रेलवे ने संपर्क क्रांति और सियालदह एक्सप्रेस ट्रेनों, कांत्री एक्सप्रेस, वंदे भारत, त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस और शटल सेवाओं का संचालन बहाल कर दिया है।

### वंदे भारत ट्रेन 7 सितंबर से फिर से शुरू होगी

वंदे भारत ट्रेन 7 सितंबर से फिर से शुरू होगी। कुल 5,784 फंसे हुए यात्रियों को जम्मू से सात ट्रेनों में उनकी आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया है। अधिकारी ने कहा, स्थानीय लोगों और जम्मू और कटरा के बीच फंसे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए दो जोड़ी ट्रेनों के साथ शटल सेवाएँ शुरू कर दी गई हैं।

# बड़ी चुनौती, बड़ा प्रबंधन! मुंबई पुलिस ने शांति से संभाला विशाल मराठा आंदोलन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व वाले आरक्षण आंदोलन में शामिल होने के लिए हजारों मराठाओं के मुंबई में जुटने के बीच मुंबई पुलिस ने भीड़ को कुशलतापूर्वक और चतुराई से संभाला, जिससे पांच दिनों तक चले आंदोलन के दौरान स्थिति काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। दक्षिण मुंबई में ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) भवन के पास स्थित आजाद मैदान में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान स्थिति कभी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई।

जरांगे ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 29 अगस्त को भूख हड़ताल शुरू की थी और राज्य सरकार द्वारा उनकी अधिकतर मांगें मान लेने के बाद मंगलवार अपराह्न को इसे समाप्त कर दिया। पिछले हफ़्ते जब उन्होंने अपना अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया, तो पूरे महाराष्ट्र से प्रदर्शनकारी उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए आयोजन स्थल पर पहुंचे। दक्षिण मुंबई के मुख्य चौराहों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ देखी गई, जिससे सुबह के व्यस्त समय में यातायात जाम हो गया। उनमें से कई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) परिसर के अंदर चले गए, यहां तक कि प्लेटफॉर्म पर चटाई बिछाकर सो गए।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आजाद मैदान में निर्धारित आंदोलन से पहले मुंबई पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए तैयारी की और जरांगे की टीम के साथ बैठकें कीं। आजाद मैदान में 1,500 से अधिक पुलिस कर्मियों के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) की एक-एक टुकड़ी के साथ ही एसआरपीएफ, दंगा नियंत्रण पुलिस और महाराष्ट्र सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। पुलिस ने 29 अगस्त को आजाद मैदान में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी, जिसमें केवल 5,000 प्रदर्शनकारियों को ही शामिल होने की अनुमति थी। लेकिन अधिकारी ने बताया कि जैसे ही आंदोलन शुरू हुआ 8,000 वाहनों में 60,000 से ज्यादा लोग मुंबई में इकट्ठा हो गए, जिससे विरोध स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्ते अवरुद्ध हो गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ड्रोन के अलावा दक्षिण मुंबई में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी स्थिति पर नजर रख रही थी। ऐसी भी कई घटनाएं देखी गयीं, जहां प्रदर्शनकारियों ने यातायात को अवरुद्ध कर दिया और इस बात पर अड़े रहे कि वे तभी हटेंगे जब जरांगे उन्हें निर्देश देंगे। ऐसे मौकों पर संयुक्त पुलिस आयुक्त सत्य नारायण चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिनव देशमुख और पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रवीण मुंधे सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर देखे गए।

# विशेष समुदाय द्वारा पत्थरबाजी आरोपियों को 48 घंटे बाद भी पुलिस नहीं कर सकी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। थाना क्षेत्र के रथिन्द्र नगर तेलीबाग में दो दिन पूर्व देररात्रि पड़ोस में रह रहे विशेष समुदाय के परिवार ने एक परिवार के घर पर विवाद चलते पथराव किया था जिसकी सूचना पीड़िता ने कंट्रोल पुलिस समेत स्थानीय पुलिस को दी थी, पीड़िता की नामजद शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया था लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार करने में विफल रही।पीड़िता ने पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट हो पुलिस आयुक्त से लिखित शिकायत की है। रायबरेली रोड तेलीबाग रथिन्द्र नगर निवासिनी पूजा तिवारी की माने तो दो दिन पूर्व बीते रविवार रात्रि करीब 12 बजे उनके पड़ोस के सामने रहने वाले मलखान, सुल्तान, साजिद, साबिर, गुलफ्शा खातून व इनकी भाभी समेत आधा दर्जन लोग उसके घर पर चढ़ाई कर पथराव बाजी करने लगे इस पथराव से उनका पूरा परिवार दहशत में आ गया था इस घटना की सीसी फुटेज उनके घर में लगे सीसी कैमरे में भी कैद हुआ था सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी आई थी लेकिन एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। पीड़िता का आरोप है उसकी लिखित शिकायत पर पीजीआई पुलिस घटना के 24 घंटे बाद मंगलवार को मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से उनके हौसले बुलंद है और जब भी वह घर के बाहर निकलते है तो आरोपित छींटाकशी और धमकी भरे लब्ज बोल तानेबाजी करते है।पुलिस की इस कार्यवाही से असंतुष्ट पीड़िता ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत हो पुलिस आयुक्त से शिकायत की है।

# तेज रफ्तार एलपीजी गैस टैंकर (कैप्सूल) ने सामने से आ रहे स्कूटी सवार युवक को कुचला, मौत

**गुस्साए राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच सड़क पर शव रखकर रोड किया जाम**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर क्षेत्र में बुधवार दोपहर तेज रफ्तार एलपीजी गैस टैंकर (कैप्सूल) ने सामने से आ रहे स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।मूल रूप से गोंडा के बनगांव में रहने वाला अंकित कुमार (30) अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सरोजनीनगर में अमौसी रेलवे स्टेशन के पास किराए पर रहकर टीएस मिश्रा अस्पताल में टीपीए एग्जीक्यूटिव पद पर नौकरी करता था। अंकित बुधवार अपराह्न करीब 3 बजे अपनी स्कूटी से कानपुर रोड स्थित नादरगंज तिराहे से अमौसी रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड से घर जा रहा था।तभी कान्हा उपवन के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार एलपीजी गैस टैंकर (कैप्सूल) यूपी 17 टी 9753 की चपेट में आकर उसके अगले पहिए से कुचल गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद टैंकर चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला।घटना से गुस्साए राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच सड़क पर शव रखकर रोड जाम कर दी। उनका आरोप था कि काफी दिनों से सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे और जल भराव के बावजूद टैंकर चालक तेजी और लापरवाही से वाहन लेकर निकलते हैं।साथ ही यहां फैक्ट्री और वेयरहाउसों के भारी वाहन भी सड़क पर दोनों तरफ खड़े रहने से रास्ता संकरा बना रहता है। इससे आने-जाने में लोगों को दिक्कत होती है।कोई जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने इन समस्याओं को दूर करने की मांग की।उधर सूचना मिलते ही सरोजनीनगर पुलिस पहुंची और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़े रहे।इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर विकास पांडे ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से वार्ता कर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की दिनभर गश्त लगाई जाएगी।साथ ही सड़क की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा जाएगा।एसीपी के इस आश्वासन के बाद जाम प्रदर्शन समाप्त हुआ। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गणपति महोत्सव के आठवें दिन महिलाओं ने प्रस्तुत किए विशेष कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। डिफेंस कॉलोनी, तेलीबाग स्थित श्री नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर में गणपति महोत्सव के आठवें दिन भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल रहा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बबीता चन्द्रा, सीमा श्रीवास्तव, कमला जी, कविता, सरस्वती विष्ट, किरन सिंह, उर्मिला, श्वेता सिंह समेत अन्य महिलाओं ने भाग लिया और भजनों व विशेष प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ी और सभी ने उल्लासपूर्वक गणपति बप्पा का गुणगान किया।

# लखनऊ के बेहटा में फिर विस्फोट, जमीन में दबाए गए विस्फोटक में हुआ धमाका

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कुर्सी रोड के बेहटा गांव में बुधवार सुबह छह बजे भयंकर विस्फोट हुआ।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मिले पटाखों को जब्त कर उन्हें करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में दबाकर नष्ट कराया गया था।सुबह इसी में विस्फोट हुआ है।घटना में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं है। रविवार की दोपहर 11:30 बजे बेहटा में अवैध पटाखा फैक्ट्री के अंदर भीषण विस्फोट हुआ था।इसमें पटाखा फैक्ट्री के संचालक आलम के मकान की दीवारें, छत उड़ गई थी। आलम और उसकी पत्नी की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे।धमाके से आसपास के कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। रविवार की शाम ही बेहटा में दूसरी जगह विस्फोट हुआ।इसमें एक गाय की मौत हुई और एक भैंस जख्मी हो गई थी।पुलिस ने गांव में छापेमारी कर कई किलो निर्मित और अर्धनिर्मित पटाखे, बारूद जब्त किया। इसे आसपास के तालाब में फेंका और जमीन में दबाकर नष्ट कराया।बुधवार की सुबह जमीन में दबाए गए पटाखों में हुए धमाके से बेहटा फिर दहल गया। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।विस्फोट की सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटे हैं।बम निरोधक दस्ता और फारेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटा रही हैं। अभी तक घटना को लेकर किसी का आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# पंजीकृत राजनीतिक दल ईमेल, मोबाइल नंबर रखें अपडेट

**निर्वाचन अधिकारी ने छह साल से चुनाव न लड़ने वालों को दिया निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। छह वर्षों से किसी भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं करने वाले उत्तर प्रदेश के पते पर पंजीकृत 38 राजनीतिक दलों की सुनवाई मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने निर्देश दिए कि दलों के प्रतिनिधि पार्टी के ई-मेल, मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या और वर्तमान पते को अपडेट रखें।जिससे आयोग के निदेर्शों के मुताबिक सही तथ्यों की जानकारी समय से आयोग को उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने छह सालों से चुनाव नहीं लड़ने वाले प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 दलों में से 70 दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए मंगलवार को सुनवाई के लिए बुलाया था। जिसमें से 38 दलों के प्रतिनिधि सुनवाई में शामिल हुए। सुनवाई के दौरान रिणवा ने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (आडिट) रिपोर्ट और निर्वाचन व्यय विवरण जैसे दस्तावेजों का परीक्षण किया। इन दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता और ई-मेल की भी जांच की।भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के मुताबिक हुई सुनवाई में के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दल को प्रतिवर्ष 30 सितंबर तक अंशदान रिपोर्ट तथा 31 अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की आडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में पार्टी के आय व्यय का ब्यौरा भी देना है। दलों को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपये से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट भी देनी है।

# कागजों पर ही बिजली की शिकायतों का निस्तारण करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कारपोरेशन ने की सख्ती**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ।बिजली कर्मचारियों ने 1912 पर आने वाली कई उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों को हल किए बिना ही कागजों पर निस्तारित कर दी हैं। पावर कारपोरेशन की जांच में इन कर्मचारियों का कारनामा उजागर होने के बाद अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने आरोपित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं कि वह बिजली विभाग में अपने स्तर से किए गए नवाचार व सफलता की कहानी उन्हें भेजें। मंगलवार को शक्ति भवन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम के आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने मुख्य अभियंताओं को बिजली चोरी रोकने, लाइन हानियां कम करने और बिल वसूलने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जो क्षेत्र बिल वसूलने में पीछे है तथा लाइन हानि को कम नहीं कर पा रहे हैं उन क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में अनुरक्षण माह मनाया जाएगा। इसलिए इस दौरान सभी आवश्यक अनुरक्षण के कार्य करा लिए जाए। अध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर के साथ ही चेक मीटर भी लगाकर उसके नतीजे उपभोक्ताओं को दिखाएं, जिससे उन्हें भरोसा हो सके कि स्मार्ट मीटर सही रीडिंग दे रहे हैं।उन्होंने यह निर्देश भी दिए हैं कि सुरक्षा उपकरण पहने बिना अनुरक्षण के कार्य कराने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशाषी अभियंता को जिम्मेदार माना जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यालयों में बायोमीट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही वेतन दिया जाए। उन्होंने प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के मुख्य अभियंता को स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# कई दलों के नेता राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के समक्ष रालोद में हुए शामिल



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने आज पार्टी मुख्यालय पर सीतापुर जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष अंशुल पांडेय तथा हरगांव से जिला पंचायत सदस्य चुनाव के उपविजेता अरुण भार्गव तथा अजित कुमार वर्मा एवं उनके साथियों को आज राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने वालों ने भारत रत्न एवं किसान मसीहा स्वर्ग चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढाते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने तथा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को सीतापुर में गतिशील बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर उपस्थित श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी, प्रदेश सचिव अफसर अली, मुन्ना लाल दिनकर मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार पर पर्दा : बिना मुनादी गुपचुप हो रही बैठकें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्राम पंचायतों में पूरे वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यो को पार दर्शी तरीके से आमजन की जानकारी में लाने के लिए प्रतिवर्ष सोशल ऑडिट बैठक का आयोजन करने का प्रावधान है।सोशल ऑडिट का उद्देश्य मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं में पारदर्शिता लाना है। इन दिनों ग्राम पंचायतों मे मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कराए गए कार्यों का सोशल ऑडिट चल रहा है।

बुधवार को ग्राम पंचायत दुलार मऊ ,गढ़ी संजर खां, फतेहनगर, ईसापुर और फत्तेपुर में सोशल ऑडिट ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया गया।कहने को यह बैठकें थी पर मानकों को दर किनार कर पूरी कर दीं गई।

ग्राम पंचायत ईसापुर में सोशल आडिट टीम के अलावा सचिव,रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक की मौजूदगी में रामप्यारे की अध्यक्षता में सिर्फ 12 लोग ही बैठक में शामिल हुए।बैठक में प्रतिभाग करने आए ओमकार,रोहित आनंद व मनरेगा श्रमिक उर्मिला,सरोज बाला,सावित्री आदि का आरोप है कि हम लोगों को बैठक में बुलाया गया था।बैठक में सिर्फ दस से बारह लोग ही आए थे और एक सादे रजिस्टर पर सभी लोगों से हस्ताक्षर व अंगूठा लगवा लिया गया और न ही कुछ पूछा गया न कुछ पढ़कर सुनाया गया। श्रमिक उर्मिला ने मजदूरी का पैसा न आने की बात की तो उनकी बात पर बैठक में उपस्थित किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब किसी समस्या का समाधान करना ही नहीं है तो ऐसी सोशल आडिट बैठक का क्या मतलब।एक वर्ष में क्या विकास कार्य कराए गए उनकी जानकारी हम लोगों को नहीं है, और बैठक में इसका जिक्र भी नहीं किया गया। ग्राम प्रधान व सोशल आडिट टीम द्वारा गांव में प्रचार प्रसार भी नहीं किया गया। कुछ लोगों को बुलाकर बैठक की खानापूर्ति कर दी गई।वहीं बैठक में उपस्थित रोजगार सेवक सविता रावत सोशल आडिट टीम मॉनिटर बीआरपी रेनू मिश्रा से वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कराए गए कार्यों व खर्च पाई गई कमियों की जानकारी देने की बात की तो उन्होंने साफ मना कर दिया। बीआरपी रेनू मिश्रा ने कहा कि सोशल आडिट कार्यालय से कहा गया है कि 12 से 01 बजे तक हर हाल में बैठक समाप्त कर घर चले जाना।

ग्राम पंचायत दुलारमऊ में जगन्नाथ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें पंचायत सचिव अनिल कुमार बैठक में अनुपस्थित रहे।सोशल आडिट टीम मॉनिटर राम चरन ने बताया कि उनके द्वारा सचिव को बैठक में आने की जानकारी दी गई थी। ग्राम पंचायत गढ़ी संजर खां में गौरी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।टीम मॉनिटर तेज शंकर वर्मा ने बताया कि इस बैठक में कुल 22 लोगों ने प्रतिभाग किया।ग्राम पंचायत फत्तेपुर में सोशल आडिट की बैठक का आयोजन पंचायत भवन के बजाय सरकारी स्कूल में किया गया।बैठक के दौरान ग्रामवासी दिलीप पंचायत सचिव पवन कुमार विमल के पास अपना जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गए थे। बैठक की वीडियो दिलीप अपने मोबाइल फोन में बनाने लगा।तभी सचिव विमल ने दिलीप को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसका फोन छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। दिलीप ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।जब पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सचिव मौके से फरार व वहां पर उपस्थित सभी लोग भाग गए।इसके बाद जिसकी लिखित शिकायत दिलीप ने रहीमाबाद पुलिस से की है। वहीं दिलीप का आरोप है कि पंचायत भवन को करीब एक साल से एक बिजली ठेकेदार को प्रधान ने किराए पर दे रखा है। वहीं इस बैठक में ग्राम प्रधान भी अनुपस्थित रहे।

# बेखौफ चोरों ने बाइक शोरूम को बनाया निशाना, नकदी समेत लाखों का माल किया पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बीती रात बेखौफ चोरों ने एक बाइक एजेंसी को निशाना बनाकर दो लाख नकद और करीब दो लाख के पाट्र्स व बैटरियां सहित चार लाख का माल पार कर दिया। चोर एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उखाड़ ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के तिलसुआ निवासी सतेंद्र यादव की कसमंडी कलां में माही मोटर्स के नाम से हीरो बाइक की एजेंसी है। सतेंद्र के मुताबिक मंगलवार शाम को वह रोज की तरह एजेंसी बंद करने के बाद अपने घर चले आए थे। बुधवार सुबह बाइक शोरूम खोलने पहुंचे तो शोरूम की खिड़की, पीछे का ग्रिल टूटी हुई थी। यह देखकर वह दंग रह गए।



बाइक शोरूम में चोरी

उन्होंने अंदर जाकर देखा कि दो लाख रुपये की नकदी और दो लाख के बाइक पाट्र्स व बैटरियां गायब थीं।तब बाइक शोरूम संचालक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आसपास लोगों से पूछताछ कर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

# मुख्तार अंसारी के कब्जे से खाली गई जमीन पर बने फ्लैटों का फर्जी आवंटन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मााफिया रहे मुख्तार अंसारी से खाली कराई गई डालीबाग में सरकारी जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना में बने फ्लैटों को आवंटित कराने के नाम पर फजीर्वाड़ा सामने आ गया है। जालसाज ने खुद को एलडीए का कर्मचारी बताकर 18 लोगों से 26 लाख 40 हजार रुपये ऐंठे और बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास का फर्जी आवंटन प्रमाण पत्र थमा दिया। आवास का कब्जा न मिलने पर पीड़ितों ने एलडीए कार्यालय में संपर्क किया तब प्रकरण का खुलासा हुआ।एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के आदेश पर संपत्ति विभाग की ओर से गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। जन समस्या निवारण संस्थान के चेयरमैन आलोक दुबे द्वारा पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि अभिषेक, खालिद व राकेश यादव समेत 18 लोगों से प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। पीड़ितों के मुताबिक अनवर नाम के व्यक्ति ने उन लोगों का परिचय मदेयगंज के अलीनगर निवासी मोहम्मद तालिब से कराया। तालिब को एलडीए का प्रशासनिक अधिकारी बताकर समझाया कि बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास यह दिला देंगे। शिकायत मिलने पर एलडीए उपाध्यक्ष ने पूरे प्रकरण की जांच कराई।पता चला कि मोहम्मद तालिब नाम का कोई भी कर्मचारी प्राधिकरण में कार्यरत नहीं है।

# सोशल मीडिया पर अधिवक्ता व क्लाइंट के खिलाफ अभद्र पोस्ट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के साउथ सिटी पुलिस चौकी अंतर्गत रहने वाले एक अधिवक्ता पर,विरोधी महिला ने,उसके साथ,उसकी ही महिला क्लाइंट का नाम जोड़कर सोशल मीडिया पर अभद्रता की, और जाति सूचक गाली गलौच की , जानकारी होने पर अधिवक्ता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।विवेक कुमार सिंह, अधिवक्ता हैं,और बी/194, साउथ सिटी, रायबरेली रोड लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि पीजीआई थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला सीमा मौर्य का मामला हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट में पैरवी कर रहा है। जिसमें विपक्षी सोनाली ठाकुर है, दिनांक 29 अगस्त 2025 को दोपहर प्रार्थी को सीमा और अन्य लोगो से जानकारी प्राप्त हुई कि सोनाली ठाकुर अपने व्हाट्सप्प नम्बर से प्रार्थी के विरुद्ध सार्वजनिक तौर पर सीमा मौर्य का नाम जोड़कर अभद्र भाषा ,और जाति सूचक शब्दो का स्टेटस लगा रही है, जिससे प्रार्थी काफी मानसिक रुप से हैरान और परेशान है। और कई बार व्हाट्सएप काल द्वारा धमकी भी दे चुकी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# मेला देखने निकले युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को घर से मेला देखने निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के ढिकुन्नी गांव निवासी अशोक कुमार (26) बीते मंगलवार दोपहर को घर से ममेरे भाई सुखलाल की ससुराल रहीमाबाद के महिमाखेड़ा मेला देखने की बात कह कर घर से निकला था। बुधवार सुबह गांव के बाहर उसी गांव निवासी सोनेलाल के आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में



मृतक अशोक फाइल – फोटो

रस्सी के सहारे पेड़ से लटकता हुआ मिला सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया।इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के पास से आधार कार्ड बरामद कर उसकी पहचान की। जिसके बाद पुलिस ने उसकी सूचना परिजनों को देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाई कुलदीप ने बताया कि भाई दिल्ली में रहकर एक ट्रेडर्स की दुकान पर ट्रैक्टर चलाता था। अभी कुछ दिन पहले ही वह दिल्ली से घर लौटा था। वहीं मृतक के परिवार में माता रामदेवी, भाई कुलदीप, नीरज, सरोज, बहन विवाहित आशा, अविवाहित निशा जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।पुलिस को घटना स्थल के पास से एक बाइक बरामद हुई है, जो माल के अटारी निवासी मनोज कुमार की है, बाइक करीब दो महीने पहले चोरी हुई थी।जिसको पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# वृंदावन में बदमाशों ने दो अलग अलग जगहों पर छीने मोबाइल

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। राजधानी में मोबाइल झपटमारी की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दिनों बदमाशों ने पीजीआई थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग इलाकों में राहगीरों को निशाना बनाकर उनके मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया।

पहली घटना वृन्दावन योजना सेक्टर-18 की है। जानकारी के मुताबिक, सी-5/03 सपना इन्क्लेव निवासी जयप्रकाश उपाध्याय पुत्र काशीनाथ उपाध्याय रात करीब 9:30 बजे ट्रॉमा सेंटर से टहलते हुए अपने घर लौट रहे थे। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर रायबरेली रोड की ओर भाग निकले। पीड़ित ने उनका पीछा किया, लेकिन बदमाश फरार हो गए।

दूसरी घटना वृन्दावन योजना सेक्टर-10 स्थित सिंह अस्पताल के पास हुई। पीड़ित युवक ने बताया कि वह 30 अगस्त की शाम 4:30 से 5:00 बजे के बीच अपने मित्र से मिलकर लौट रहा था, तभी AURA कार में सवार दो लड़कों और दो लड़कियों ने उसे रोका।एक लड़की ने मोबाइल से कॉल करने का बहाना किया और फोन लेकर कार में बैठ गई। इसी दौरान युवकों ने मोबाइल छीनकर कार भगाई। हड़बड़ाहट में लड़की का आधार कार्ड की फोटोकॉपी गिर गई, जिसे पीड़ित ने पुलिस को सौंपी है।

पीड़ितों ने मोबाइल चोरी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं।

## संक्षेप

### तालाब के पानी में उतरता मिला महिला का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव गड़सर में सोमवार को कपड़े धोने गई 25 वर्षीय रीता देवी का शव बुधवार सुबह तालाब में मिला। रीता देवी की शादी गुड्डू से करीब 8 साल पहले हुई थी। यह उनका दूसरा विवाह था। वह चार बच्चों की मां थी। इनमें पति की पहली पत्नी के बच्चे अनुज (10), अंशुल (6), अंशिका (4) और राखी (3) शामिल हैं। रीता का मायका शुक्लापुर में है। उनके पिता भगवान दीन और माता जमुना खेती-बाड़ी करते हैं।सोमवार को रीता कपड़े धोने तालाब गई थीं। वह घर नहीं लौटीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में शव उतराता देखा। उन्होंने ग्राम प्रधान को सूचना दी। प्रधान ने पुलिस को बताया। पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों में इस मौत को लेकर अलग-अलग चचाएं हैं। कुछ इसे हादसा बता रहे हैं तो कुछ संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

### जमीनी विवाद को लेकर पिता पुत्र ने भाई को जमकर पीटा, हुई मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में जमीन विवाद ने एक युवक की जान ले ली। शिवपुरी गांव के 45 वर्षीय प्रमोद की बुधवार सुबह अपने भाई और पिता से जमीन को लेकर बहस हुई। बहस मारपीट में बदल गई। भाई और पिता ने लात-घूंसों से प्रमोद की पिटाई कर दी।घायल प्रमोद को परिजन एम्बुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पम्मी ने आरोप लगाया कि मामला पिछले कई दिनों से चल रहा था। पति ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन राजेपुर ग्राम प्रधान ने पुलिस जाने से रोक दिया। प्रमोद ने इससे पहले राजपुर गांव की पुलिस चौकी में लिखित शिकायत भी दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।प्रमोद तीन भाइयों में बीच के थे। उनकी मौत से पत्नी पम्मी, बेटी सीमा, रीमा और बेटे अनीत व गोविंद का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना फतेहपुर चौरासी के प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।प्रमोद तीन भाइयों में बीच के थे। उनकी मौत से पत्नी पम्मी, बेटी सीमा, रीमा और बेटे अनीत व गोविंद का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना फतेहपुर चौरासी के प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### झील में पड़ा मिला अज्ञात महिला का शव

पुरवा, उन्नाव। ग्राम लंगरपुर बड़ईला बकनई झील स्थित नर्सरी में 32 वर्षीया अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। जहां कोतवाली पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लंगरपुर निवासी लक्ष्य रावत पुत्र राम प्रसाद के मुताबिक वह स्थानीय बड़ैला बकनई झील का ठेकेदार है। जिसमें वह मछली पालन का कार्य करता है। वहीं बुधवार की दोपहर कालूखेड़ा के राकेश व मोतीखेड़ा के बृजपाल जलकुम्भी की सफाई का काम कर रहे थे। जिसमें एक 32 वर्षीया अज्ञात महिला का कई दिन पुराना शव दिखाई दिया।जिसकी मौत डूबने से होना प्रतीत हो रहा था। जिसके शरीर पर लाल रंग की छींटदार कुर्ती व मटमैले रंग का पायजामा है। वहीं कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

# जलविहार के मेले में पहुंचे पूर्व सपा विधायक, मौजूदा सरकार पर कसा तंज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हिलौली ब्लॉक क्षेत्र सन्दाना स्थित जय मटकेश्वर महादेव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर एक बजे से शुरू हुआ। इसमें 101 बच्चों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों को कमेटी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़नी थी। मटकी 25 फीट की लंबाई और 10 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई थी। विजेता के लिए कमेटी ने 1100 रुपए का पुरस्कार रखा था। स्थानीय निवासी आशीष ने 500 रुपए और एक स्मार्ट घड़ी का अतिरिक्त पुरस्कार घोषित किया। तोमरन खेड़ा के संतोष सिंह ने तीन हजार रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक उदयराज यादव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान कृष्ण ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने वर्तमान सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सरकार संविधान नहीं मानती। बेरोजगारी और आवारा पशुओं की समस्या पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। वहीं पूर्व प्रधान बलवीर सिंह उर्फ सिंबू ने अंग वस्त्र वह प्रतीक चिन्ह देखकर उनका सम्मान किया

शाम 6:50 बजे तक चले कार्यक्रम में कोई भी प्रतिभागी मटकी नहीं फोड़ पाया। कार्यक्रम संचालक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष का पुरस्कार अगले वर्ष के कार्यक्रम में जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में टिंकू, बीपी सिंह, पूर्व प्रधान संतपाल रावत, सूरज, आशीष चतुर्वेदी सहित 200 से अधिक लोग मौजूद रहे।

## विद्युत करंट से युवक की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मलांव गांव में बीती रात विद्युत करंट से युवक की दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मलांव गांव निवासी विनीत दीक्षित 35 वर्ष पुत्र स्व हरिशंकर का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व हुआ था। जिसके दो वर्ष की लड़की है। विनीत की



पत्नी रक्षा बंधन को अपने मायके गई थी। माता लक्ष्मी लखनऊ अपनी बेटी के घर गई थी। विनीत घर पर अकेले रह रहा था। बीती रात वह घूम फिर कर घर आया था। सुबह देर तक न निकलने और दरवाजा खुला होने से पास पड़ोस के लोग अंदर गये। तो देखा विनीत रसोई के अंदर मृत पड़ा था। और हांथ पंखे से चिपका था। पास ही थाली में आटा सना हुआ रखा था। लोगो ने इसकी सूचना मृतक के ससुराली जनों को दिया। पत्नी और माँ के पहुंचते ही कोहराम मच गया। माँ लक्ष्मी ने सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सैकड़ो वाहनों व हजारों भक्तो व झाकियो के साथ नर सेवा नारायण सेवा ने निकाली श्री गणेश विसर्जन यात्रा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार को नर सेवा नारायण सेवा हिन्दू जागरण मंच द्वारा श्री गणेश चतुर्थी पर स्थापित लोक नगर के महराजा श्री गणेश जी की विशाल विसर्जन यात्रा सैकड़ो वाहनों, हजारों भक्तो व झाकियो के साथ पूरी भव्यता से निकाली गयी। संस्था के संस्थापक व हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बताया कि गत माह 27 सितम्बर को श्री गणेश चतुर्थी लोक नगर मे हिन्दू जागरण मंच के सह संयोजक राकेश राजपूत के आवास पर श्री गणेश जी की स्थापना की गयी जिसका विसर्जन आज पूरी भव्यता व हजारों भक्तो व झाकियो के साथ किया गया विसर्जन से पूर्व 151 कन्यायो का कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया व पूर्व संध्या पर विशाल जागरण का आयोजन किया गया था। विसर्जन यात्रा लोकनगर चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय के पास से गंगा वैराज तक निकाली गयी जिसमे राधा कृष्ण व भोले नाथ की झांकीया रही मुख्य आकर्षण का केंद्र। यात्रा का शुभारम्भ नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी व प्रदेश अध्यक्ष अनीता विमल द्विवेदी व कार्यक्रम का संयोजन हिन्दू जागरण मंच के सह संयोजक राकेश राजपूत व हिन्दू जागरण मंच की वीरांगना वाहनी अध्यक्ष ज्योति राजपूत ने किया। यात्रा में प्रमुख रूप से हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी अभिषेक तिवारी, एके दीक्षित, कमलेश बाजपेई योगेंद्र तिवारी शिवसेवक त्रिपाठी, सुनील भदोरिया, अखिल मिश्रा अभी तिवारी मनीष मिश्रा सुरेश राजपूत धर्मेंद्र शुक्ला आलोक शुक्ला परिमल मिश्रा, राजेंद्र राजपूत, दीपा त्रिपाठी, पवित्रा उपाध्याय, बड़ी संख्या महिलाओ सहित हजारों भक्त शामिल हुए।

# पुलिस ने दहेज हत्या की वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार में 21 जुलाई को त्रिपुरारपुर थाना पुरवा जनपद उन्नाव निवासी सन्तोष कुमार पुत्र रामशंकर ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री सौम्या उम्र करीब 25 वर्ष को दहेज की माँग पूरी न होने पर ससुरालीजनों द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिहार पर धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट पंजीकृत किया गया तथा रीशू पुत्र राजू ,कुँवारा पत्नी राजू ,हिमांशू पुत्र राजू व राजू पुत्र स्व0 सुखदेव निवासीगण ग्राम ककरारी थाना बिहार जनपद उन्नाव पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। बुधवार को थाना बिहार के उ0नि0 प्रेमनारायण पाण्डेय मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्ता कुवारा पत्नी राजू निवासी ग्राम ककरारी थाना बिहार जनपद उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष को ग्राम ककरारी से गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

# बारिश की वजह से रास्ते में हुआ जलभराव, सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों कों

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हिलौली विकासखंड क्षेत्र के सन्दाना ग्राम पंचायत के मजरे रामपुर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे से समस्या उत्पन्न हो गई है। बारिश के कारण गांव के दोनों मार्गों में पानी भर गया है। 6 अगस्त को समाचार प्रकाशित होने पर राजस्व टीम और प्रधान प्रतिनिधि शिवबोधन लोधी ने मौका मुआयना किया। उन्होंने तालाब की गाटा संख्या 975 में दर्ज 12 बीसवां भूमि से अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन दिया। पंपिंग सेट से पानी निकाला गया। ग्रामीण राजेश कुमार यादव ने तालाब की खुदाई के लिए प्रधान प्रतिनिधि से संपर्क किया। प्रधान प्रतिनिधि ने तालाब के सूखने के बाद खुदाई का आश्वासन देकर फोन काट दिया। बारिश से गांव की स्थिति पुनः बिगड़ गई है। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। लेखपाल, पंचायत सचिव, ब्लॉक प्रमुख और विधायक को समस्या की जानकारी है। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तालाब पर कब्जा करने वाले निश्चिंत हैं। जबकि गांव के लोग और राहगीर परेशान हैं। बारिश होते ही ग्रामीणों की चिंता बढ़ जाती है। अधिकारी केवल तालाब की मिट्टी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि शिवबोधन लोधी के अनुसार जेसीबी न मिलने से तालाब की खुदाई नहीं हो पाई है। उन्होंने जल्द ही तालाब का पानी निकालकर अवैध कब्जा हटाने और खुदाई करवाने का आश्वासन दिया है।

# अवैध कच्ची शराब समेत दो महिलाएं गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील-पुरवा अंतर्गत ग्राम खानपुर, छोटीखेड़ा व धनोखर एकबारगी दबिश देते हुए कुल 42लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए सुलोचना पत्नी मोती सीमा पत्नी राम प्रसाद को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई व लगभग 350किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही अवैध मदिरा के परिवहन की रोकथाम हेतु उन्नाव रायबरेली लखनऊ हाईवे पर स्थित गदनखेड़ा बाईपास पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई

# 380 वाँ सालाना उर्स अपने पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। प्रति माह की भांति इस साल भी उर्से मसनदी सफीपुर शरीफ के मोहल्ला मियां की बाजार में अपनी पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया जिसकी सरपरस्ती हजरत अल्लामा सैय्यद ताहा मियाँ सफवी सज्जादा नशीन खानकाहे कुद्दूसिया व मसनदिया सफीपुर शरीफ सदर ऑल इंडिया सुन्नी जमीअतुस्सूफि या ने फरमाई शुरूआत कुराने करीम की तिलावत से हाफि जो कारी आली जनाब साकि ब सफवी ने की तिलावते कुरआन के बाद महफि ले समा का आगाज हुआ जिसमें कव्वाल अहद चिश्ती अमेठी व मोईन ताज उन्नावी ने सूफी कव्वाली से समा बांधा और लोगों के दिल जीत लिए महफि ल में हजारों की संख्या में अकीदत मन्दों ने शिरकत की जिसमें विभिन्न खानकाहों से आए तमाम सज्जाद नशीनों ने भी शिरकत की खानकाहे मख़्दूम शाह मिना के सज्जादा नशीन जनाब राशिद मीनाई साहब के प्रतिनिधि, खानकाहे कय्यूमियाँ के सज्जादा नशीन इरशाद अली सफवी, खानकाहे कुदरतिया के मुतावल्ली सैय्यद आसिफ अली सफवी सैय्यद शारिक अली सफवी खानकाहे खादिमया के सज्जादा नशीन सैय्यद ज़िया आरिफ उर्फ. बब्बू मियां, खानकाहे खलीलया से नाज मियां खलीली, हाफि जो कारी जनाब मुबश्शिर मियां सफवी, खानकाहे करीमिया के सज्जादा नशीन सैय्यद हस्सान बकाई, खानकाहे हमीदिया के सज्जादा नशीन मौलाना।सैय्यद दानिश मियाँ बकाई सूफी डा० शाहिद अजहरी व सफवी कानपुर से इसके अलावा और खानकाहों के सज्जादानशीनो ने शिरकत की वहीं पर खानकाहे कुद्दूसिया व मसनदिया के सज्जादा नशीन हजरत सैय्यद ताहा मियां सफवी ने जाजमऊ शरीफ के प्रतिनिधि जनाब रुफी मियां को सिलसिला मसनदी कुद्दूसी सफवी चिश्ती की खिलाफत व इजाजत अता की और उनके लिए दुआ की और नेक नसीहत की और उन्हें तरीकत का नाम शेख रफीउद्दीन मसनदी दिया इस मौके पर मौजूद तमाम लोगों ने रुफी मियां को मुबारकबाद दी उर्स का समापन साहिबे सज्जादा की दुआओं के साथ हुआ जिसमें पूरी उम्मत और मुल्के हिन्दोस्तान के लिए दुआएं खैर की गई इसके बाद बड़ी तादाद में लोगों को लंगर तकसीम किया गया जिसमें मौजूद लोगों में रियाज सफीपुरी आसिफ सफवी सफीपुरी आदिल कानपुर के मशहूर अर्तगुल गुलजार साहब अनवार सफवी व रईस खां उर्फ. पप्पू आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कूटी सवार मां बेटे को अनियंत्रित डंफर ने मारी टक्कर, पुत्र की मौत, मां घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बुधवार को एक सड़क हादसे में 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। गंगाघाट क्षेत्र की रहने वाली संगीता अपने बेटे आदित्य चौधरी को स्कूटी से स्कूल से लेकर घर लौट रही थीं। मुख्य सड़क पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में कक्षा-1 के छात्र आदित्य चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी चला रही मां संगीता घायल हो गई। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना की सूचना पर



मृतक के पिता जितेंद्र कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर जमा हो गए। उन्होंने जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि तेज रफ्तार डंपरों की आवाजाही से लगातार हादसे हो रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि लापरवाह डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किसानों के लिए खुशखबरी जनपद में 2600 मैट्रिक टन आई यूरिया खाद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। किसानों के लिए अच्छी खबर है। जिले को इफको कंपनी से 2600 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। यह यूरिया साधन सहकारी समितियों और निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। जिले के सभी विकासखंडों में यूरिया वितरण शुरू हो गया है। इसमें सिकंदरपुर कर्ण, कोलुहागाड़ा, पंसारी समेत 40 से अधिक समितियां शामिल हैं। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने किसानों से जरूरत के अनुसार ही यूरिया लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसान अपने विकासखंड की समिति से आधार कार्ड, खतौनी, जोतबही और पंजीकृत मोबाइल नंबर दिखाकर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने यूरिया वितरण में पारदर्शिता के लिए कड़े प्रबंध किए हैं। कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। कृषि अधिकारी ने किसानों को खरीफ फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह दी है। अधिक यूरिया से फसल की उत्पादन क्षमता और मिट्टी की उर्वरतासे फसल की उत्पादन क्षमता और मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है। संतुलित खाद से उपज बढ़ती है और भूमि की सेहत भी बनी रहती है।

# गौशाला की अव्यवस्था देख भारतीय किसान यूनियन ने भरी हुंकार

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर थाना बारा सगवर क्षेत्र के ग्राम बारा पशु गौशाला में आज दिनांक 03/09/2025 दिन बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू )के मंडल महासचिव लखनऊ फसल चिकित्सक उद्यान पति किसान भवन गनेशी खेड़ा डॉक्टर बृजेंद्र प्रताप सिंह (राजू )की शिकायत पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी उन्नाव का दौरा बीघापुर विकासखंड की बारा हरदो गौशाला में सुबह 10:00 बजे हुआ।गौशाला की स्थिति देखते ही सीवीओ डॉक्टर महावीर सिंह बिफर उठे उन्होंने बीडीओ बीघापुर / सुमेरपुर पंकज गौतम ,डॉक्टर सचान, डॉक्टर रामजीत प्रजापति, पंचायत सचिव वेद प्रकाश, प्रधान मनोज कुमार की क्लास लगा दी पीने के पानी में गंदगी व कीड़े मिले पूरी गौशाला में महीनों का गोबर बिखरा हुआ था कंपोस्ट (गोबर खाद ) की बिक्री चोरी से की जा रही है 99% गोवंश को टैग नहीं लगाया गया भूसा केवल गौशाला में दो दिन के लिए ही है दो दिन बाद क्या होगा हरे चारे की व्यवस्था नहीं है प्रधान के पास चोकर व मिनरल गौशाला में नहीं मिला गाय इलाज के अभाव में तड़प रही है डिमांड रजिस्टर सचिव के पास नहीं मिला चीफ वेटरनरी डॉक्टर महावीर सिंह ने कहा जो स्थितियां आज गौशाला की हैं उसके लिए हमारे विभाग स्वयं जिम्मेदार हैं एक सप्ताह के भीतर पूरी गौशाला व गौवंशो की स्थिति पर सुधार हो जाएगा साथ ही बीडीओ बीघापुर को निर्देश दिया कि एक टीन शेड व चरही की व्यवस्था तत्काल करें डॉ महावीर सिंह ने कहा कि किसान है तभी हम हैं यह बात हमारे अधिकारी व कर्मचारियों को समझनी चाहिए किसान संगठन हमारे मित्र व सहयोगी है ।बीडीओ बीघापुर /सुमेरपुर पंकज गौतम चीफ वेटनरी की सूचना पर गौशाला पहुंचे उनसे गौशाला की अव्यवस्था पर जब पत्रकारों ने प्रश्न किया जवाब ना देते हुए मीटिंग की बात कह कर गाड़ी में बैठकर निकल गए बीडीओ की इस हरकत से किसान व किसान संगठन ने नाराजगी व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यदि बीडीओ का यही मनमाना रवैया रहा तो बहुत जल्द बीडीओ बीघापुर / सुमेरपुर के खिलाफ धरना प्रदर्शन होगा ।मौके पर अंबुज सिंह, फुन्नी त्रिपाठी अभिषेक कुमार पांडे पूनम देवी अनामिका देवी, पवन शुक्ला, अंकित सिंह संजय पांडे, दर्जनों गांव के लोग मौजूद रहे।

# भक्तों ने गाजे बाजे के साथ गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। भक्तों ने कन्या भोज के बाद पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ गणेश प्रतिमा का विधि विधान के साथ मूर्ति का विसर्जन किया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन कस्बे में कस्बा वासियों ने प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी गणेश प्रतिमा कई दिन पूर्व स्थापित किया वहीं लगातार सुबह-शाम कीर्तन भजन आरती के साथ पूजा पाठ करते रहे बुधवार को सुबह कन्या भोज करा कर गाजे बाजे के साथ सैकड़ो महिलाएं पुरुष बच्चे प्रतिमा को नाच गान करते हुए गणेश प्रतिमा को विधि विधान के साथ शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार विसर्जन किया।

# टेबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा ब्लॉक क्षेत्र कालूखेड़ा स्थित माँ शारदा महिला महाविद्यालय में आज बुधवार 2 बजे उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत बी० एस० सी० अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण कार्यक्रम माँ शारदा महिला महाविद्यालय प्रांगड़ में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्यातिथि असोहा भाजपा मंडल के अध्यक्ष महेश रावत के कर कमलों द्वारा शुरूआत हुई कार्यक्रम में प्रबन्धक डॉ० आर पी वर्मा,सुधा कुमारी,पूणिर्मा सिंह,कुलदीप यादव,सबा बनो, असलम,राजा राम यादव, आलोक भारती सहित सभी छात्र - छात्राये उपस्थित रहे

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आना के साथ भव्य यात्रा के साथ विसर्जन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर विधानसभा क्षेत्र ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी के चिलौला गांव से लेकर मां गंगा मैया के प्रसिद्ध घाट परियर तक श्रद्धालु भक्तों ने बड़े ही धूम धाम और उत्साह के साथ निकली गणपति बप्पा महाराज की विसर्जन यात्रा। बताते चलें कि चिलौला गांव में स्थित मंसीरा माई के मंदिर में 27 तारीख को राजू सिंह व मदन सिंह सहित समस्त परिहार परिवार के सौजन्य से गणेश महोत्सव की स्थापना हुई थी।जिसमें सुन्दर सुंदर झांकी,रामायण,हवन,के साथ साथ आज परियर घाट पर मां गंगा नदी में गणपति बप्पा महाराज की विशाल मूर्ति का विसर्जन किया गया।

## हादसे का सबब बन रहे मार्ग की पटरियो पर खड़े जंगली बबूल व झाड़ियां

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। क्षेत्र को राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ने वाला कालूखेड़ा - भल्लाफार्म मार्ग पर कालूखेड़ा से भल्लाफार्म तक लगभग 24 किलोमीटर मार्गकी दोनों पटरियों के किनारे जंगली बबूल व अन्य पेड़ के साथ झाड़ झंखाड़ खडा होने के चलते मार्ग के दोनों किनारे अवरुद्ध हों गए , वही बरसात के कारण मार्ग के किनारे लगे अन्य पेंड की शाखाये बड़ी होकर मार्ग के किनारों पर लटक गई है ।मार्ग व्यस्त होने के चलते रातों दिन मार्ग चलता है जिसकी वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है । पी डब्लू डी विभाग के कर्मचारी महज खाना पूर्ति करके चले जाते है क्षेत्र के सुंदर गोस्वामी ,नीरज त्रिपाठी , अभिषेक त्रिपाठी , सूरज कश्यप, पुनीत यादव आदि उक्त मार्ग का रोज प्रयोग करने वाले लोगो ने उक्त मार्ग के किनारे की पटरियां साफ कराए जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# चीन से दोस्ती तो ठीक सतर्क रहना भी जरूरी

चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। ये विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। दोनों साथ आते हैं तो दोनों देशों का ही नहीं बल्कि 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा। आज चीन के शहर बीजिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का सार यही है। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। गलवान झड़प के बाद मोदी पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेताओं में रूस में मुलाकात हो चुकी है। वैसे भी गलवान के तनाव और अब के हालात में बहुत अंतर है। इस अंतर का कारण हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले चीन को निशाने पर लिया था। उस पर एक के बाद एक टैरिफ थोपे गए। हालांकि बाद में वो चीन को लेकर नरम पड़ गए और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वो अपनी सनक के चलते कब क्या फैसला लेंगे, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि मिलकर उनसे मुकाबला किया जाए। यह पहला मौका नहीं है जब भारत और चीन साथ आए हो। कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगता था, लेकिन 1962 के युद्ध ने रिश्तों में कड़वाहट घोल दी थी। भारत और चीन के रिश्तों की शुरुआत 1938 में हुई थी। उस समय चीन जापान के हमलों से परेशान था। भारत ने इंसानियत दिखाते हुए चीन की मदद के लिए एक मेडिकल टीम भेजी। इस टीम में पांच भारतीय डॉक्टर थे, जिनमें से एक थे डॉ. द्वारकानाथ कोटनीस। डॉ. कोटनीस ने चीन के लोगों की सेवा करने का फैसला किया और वहीं रुक गए। भारत और चीन ने आजादी के बाद अपने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास किया। दोनों देशों ने एक समझौता किया। यह समझौता 29 अप्रैल, 1954 को हुआ था लेकिन यह समझौता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। 1959 में जब भारत ने चीन से भागे दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने इसे अपने अंदरूनी मामलों में दखल देना माना। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने लगा। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रीमियर झोउ एनलाई ने कई बार मिलकर इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने भारतीय सीमा पर हमला कर दिया। इस युद्ध ने भारत के भरोसे को बुरी तरह से तोड़ दिया। साल 2020 में लद्दाख के अक्साई चिन में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत ने चीन के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया था। फ्लाइट सर्विस भी रोक दी गई थी। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना मुश्किल हो गया था। भारत के लिए परेशानी का एक कारण चीन द्वारा बार-बार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होना भी है। वो पाक का समर्थन करके आतंकवाद के समर्थन में खड़ा हो जाता है। अब प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद जिनपिंग का यह कहना कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है और चीन-भारत की दोस्ती समय की मांग भी है, लेकिन चीन की विस्तारवादी सोच के चलते भारत को हमेशा सतर्क भी रहना होगा।



टैरिफ संकट
विकेश कुमार बडोला

# जल्द निकालना होगा टैरिफ का तोड़

भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है।

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गये हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी। उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है।

इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किये बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुयें भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवर्द्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नये विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक



वक्तव्य भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाये रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्ट अप से जोड़कर परिणोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पर्द्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पर्द्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा।

अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीदार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायन मिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं। इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है।

इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधार स्तंभ बनाया जा सकता है। इन दीर्घकालिक उपायों को अपनाकर भारत भविष्य में अमेरिका हो अथवा कोई अन्य देश, उसके किसी भी टैरिफ युद्ध का प्रतिरोध करने में पूर्णरूपेण सक्षम हो सकेगा

## व्यक्तित्व

कमल कटकी



# उत्कृष्ट भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ थे 'भूपेन दा'

मुझे लगता है कि समग्र विश्व में ऐसा कोई कलाकार नहीं होगा- जिसके पास गायक, गीतकार, संगीतकार, कहानी लेखक, निबंधकार, नाटककार, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, फिल्म निर्माता, संगीत निर्देशक, अभिनेता, पत्रकार, साहित्यकार, पत्रिका संपादक, पुस्तक पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, बुद्धिजीवी आदि सभी गुण एक साथ हों। ऐसा ही एक व्यक्ति हैं डॉ. भूपेन हाजरिका। 1984 से भूपेन दा के एक गिटार वादक के रूप में 5 नवंबर 2011 को महाप्रयाण के दिन तक, अपने पच्चीस वर्षों से अधिक समय की निकटता के दौरान हर एक क्षण में, मैंने बहु-प्रतिभाशाली, बहुआयामी कर्मयोगी, भूपेन दा को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 8 सितंबर, 1926 को उस समय के नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर के अधीन तथा आज के अरुणाचल प्रदेश की तलहटी में स्थित एक छोटे से शहर सदिया से अपनी जीवन यात्रा की शुरुआत करने वाले भूपेन दा अपनी जीवन परिक्रमा को कठोर संघर्ष, सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच आगे ले जाते हुए खुद को एक वैश्विक कलाकार के रूप में स्थापित करना इतना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी गुणवत्तापूर्ण



गीत-संगीत की रचनाओं के माध्यम से आम लोगों का दिल जीतने में सक्षम हुए थे। भूपेन दा की चिरस्थायी वैश्विक लोकप्रियता केवल उनके गीतों के कारण ही है, ऐसी बात नहीं है। मेरी दृष्टि में, भूपेन दा एक बरगद के पेड़ की तरह विशाल हृदय के व्यक्तित्व के धनी थे और इस पेड़ की जड़ें खारखोआ (मूल) असमिया थे, पूरे पेड़ समग्र भारत था और पेड़ की शाखाएं, उप-शाखाएं, पत्ते आदि विश्व-उन्मुख थे। बिहू, ब्रह्मपुत्र और भूपेन- अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों से समृद्ध इन शब्दों ने आज भी असम का परिचय विश्व के सामने उजागर करती है। भूपेन दा के सहयोगी के रूप में काम करने के कारण, असम के अलावा दुनिया भर के कई जाने-माने कलाकारों और हस्तियों से मिलने का अवसर मुझे मिला। लेकिन भूपेनदा जैसे महान व्यक्तित्व की सुगंध मुझे उनमें नहीं मिली। हमारे जैसे आम लोगों के लिए भूपेन दादा को समझ पाना मुश्किल है। उनमें विभिन्न रूपों का एक अद्भुत संयोजन था। क्रोध उनके जीवन का हमसफर जैसा था, ठीक उसी तरह जैसा उनके साथ हमेशा अपनी प्यारी मुस्कान रहती, जैसे धान के खेत की पराली तुरंत जलते ही थम जाती है, गुस्सा भी उसी तरह तुरंत गायब हो जाता है। पैसे के प्रति उनमें तनिक भी मोह नहीं था। उन्होंने मुझे कभी यह नहीं पूछा कि "फलाँ कार्यक्रम में गाने के लिए तुम्हें कितना मानदेय मिला?" या "मैं गाकर कितना कमा पाया?" यहां तक कि कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का हिसाब-किताब जानने की कोशिश भी उन्होंने कभी नहीं की। पैसों के प्रति उनकी उदासीनता इतनी थी कि एक बार गुवाहाटी में आयोजित लता मंगेशकर के संगीत-प्रदर्शन का भारी-भरकम मानदेय लेकर भूपेन दा ने वह पैसों का थैला मुम्बई की टैक्सी में ही भूलकर छोड़ दिया था। धन के जोड़-घटाव से भूपेन दा का कोई लेना-देना नहीं था, वे जानते थे तो केवल शब्द और सुर का जोड़-घटाव, जनता से संवाद का जोड़-घटाव। आम लोगों के बीच रहकर असाधारण जीवन जीकर उन्हें बहुत संतोष मिलता था। साधारण जन के बीच रहकर खुश रहने वाले इस असाधारण भूपेन हजारिका ने समय से आगे चलकर अपनी जीवन-यात्रा को गहन आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया और असम सहित सम्पूर्ण भारत में स्वयं को एक चिरस्मरणीय संगीतकार के रूप में स्थापित कर गए। राजपथ के किनारे आराम कर रहे रिक्शा चालक से वे कभी एक चुटकी खैनी लेकर अचानक ही गाने लगते थे -"मानुहे मानुहर बाबे, जदीहे अकनो ना भाबे"। उस क्षण कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये वही भूपेन हाजरिका हैं जिन्होंने पचास के दशक में कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब भूपेन दा को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई,

# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# ऐसे काम न करें, जिनसे गलत संदेश जाता है



संकलित
प्रेरणा

गुरुजी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## सोरहिया मेला



वाराणसी में 16 दिनों तक चलने वाले सोरहिया मेले के दौरान लोग अनुष्ठान करते हुए।

## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*- विकास लाहोटी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफार्म



यूपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं में जो होनहार प्रतिभागी आखिरी मेरिट लिस्ट का हिस्सा नहीं बन पाते, उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि इसकी मदद से उन्हें नए अवसर मिलने लगे हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निर्यात में गिरावट की आशंका



अमेरिकी टैरिफ से निर्यात में गिरावट की आशंका के कारण राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट निर्यातक भी परेशान हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं कारीगरों एवं श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ेगा। केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### चीन पर निर्भरता



चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### संवैधानिक ज़िम्मेदारी



गुजरात में भी बड़े पैमाने पर वोटों में धांधली का पर्दाफाश हुआ है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों पर प्रतिक्रिया देने व उनकी जाँच करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाएगा या फिर यूँ ही चुपचाप बैठा रहेगा?

-जयराम रमेश, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### मैक्रों के फैसले से इजराइल और अमेरिका हुए नाराज

फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, "फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।



## ऑफ बीट

### एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है

जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है - वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है? एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है?



## संक्षेप

### बारिश से खरीफ की फसल को नुकसान

**गोमती नदी का जलस्तर बढ़ा, तराई क्षेत्र में जलभराव से किसान परेशान**

सुलतानपुर, तहसील बल्दीराय क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत बडनपुर में लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।बारिश के कारण तराई क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति बन गई है। खरीफ और धान की फसलें जलमग्न हो गई हैं। किसानों को भारी नुकसान की आशंका है।इस समस्या को और गंभीर बनाते हुए गोमती नदी का जल स्तर भी बढ़ रहा है।मौसम में सुधार न होने और बारिश जारी रहने से स्थिति और बिगड़ सकती है। स्थानीय किसान राकेश कुमार तिवारी, राम सुमिरन यादव, राम सहाय, रमाकांत तिवारी, सीताराम यादव, बृजेश कुमार, नीरज कुमार और अंकुर सहित अन्य लोग स्थिति में सुधार की आशा कर रहे हैं।

### भदैंया के स्कूल और आंगनबाड़ी में चोरी

**पन्नाटिकरी स्कूल से एमडीएम के बर्तन, सिलेंडर समेत कई सामान गायब**

सुलतानपुर, कामतागंज के पन्नाटिकरी स्थित प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने रसोईघर और आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जब स्कूल खुला, तब चोरी का पता चला।चोरों ने स्कूल से लोहे की कड़ाही, मिड-डे मील की थालियां, गिलास, भगोना-ढक्कन, गैस सिलेंडर, बाल्टी और पानी की टंकी चुरा ली। इसके अलावा कुर्सी, बेंच और बच्चों के खेलने के सामान भी ले गए।एक छोटा बक्सा भी गायब है, जिसमें स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। प्रधानाध्यापिका नीतू बरनवाल ने खंड शिक्षा अधिकारी को घटना की सूचना दे दी है। कोतवाली देहात थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है।फिलहाल बच्चों के भोजन की व्यवस्था के लिए बाजार से सामान मंगवाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बंद दुकानों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

**अमेठी-प्रतापगढ़ के 3 आरोपी गिरफ्तार, 20 बैटरी और अन्य सामान बरामद**

सुलतानपुर, धम्मौर पुलिस ने बंद प्रतिष्ठानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रतापगढ़ जिले के नगर कोतवाली अंतर्गत सगरा अफीम निवासी सचिन गौड़ एवं अमेठी के ग्राम घटकौर थाना पीपरपुर निवासी चंद्रकांत पाठक और रवि पाठक के रूप में हुई है।इनके पास से 17 बैटरी, मोटरसाइकिल बैटरी, खोलने के उपकरण, मोबाइल फोन और 1620 नकद बरामद किया गया है। सुल्तानपुर के कौशल इलेक्ट्रॉनिक दरियापुर, लाल ट्रेडर्स खैराबाद, प्रभात बैटरी गोलाघाट, हिंद बैटरी सर्विस लखनऊ नाका, इलेक्ट्रो विजन इलेक्ट्रॉनिक्स पंच रास्ता और सोनू बैटरी सर्विस गोलाघाट को शातिर चोर लंबे समय से चोरी की बैटरी सप्लाई कर रहे थे।थाना प्रभारी अंजू मिश्रा के अनुसार, थाना क्षेत्र में बंद प्रतिष्ठानों से बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी की वारदातें लगातार हो रही थीं।

# सीसीटीवी कैमरों के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

## कैमरों को क्रियाशील बनाये रखने के दिये गये निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा यातायात के दृष्टिगत नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा प्रमुख 09 स्थानों पर स्थापित किये गये 31 सी.सी.टी.वी. कैमरों तथा यातायात पुलिस द्वारा 28 प्रमुख स्थानों पर लगाये गये सी.सी.टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जलकल कार्यालय तथा पुलिस लाईन में स्थापित कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। यातायात पुलिस द्वारा पुलिस लाईन में स्थापित सी.सी.टी.वी. कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान यातायात निरीक्षक राम प्रकाश ने जिलाधिकारी को कैमरों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। डीएम ने कहा कि कानून एवं शान्ति बनाये रखने में सी.सी.टी.वी. कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि अन्य स्थानों पर भी कैमरों की आवश्यकता हो तो उसके लिए प्रस्ताव उपलब्ध करा दें। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों के लिए जलकल कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह ने डीएम श्री त्रिपाठी को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी। डीएम ने निर्देश दिया कि सतत निगरानी रखते हुए कैमरों की क्रियाशीलता को बनाये रखें।

# पत्रकारों की समस्याओं को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई बहराइच की आवश्यक बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुवर दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में डी.एन.ए. कार्यालप में सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। बैठक में तय किया गया कि जिन ब्लाक और तहसील मुख्यालयों पर एसोसिएशन की इकाई रिक्त है उनका अतिशीघ्र गठन किया जाये। साथ अपूर्ण इकाइयों को शीघ्र गठन कर जिला संगठन कार्यालय को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में आम सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जिला इकाई का एक प्रतिनिधी मंडल जिलाधिकारी से भेंट कर पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण का अनुरोध करेगा।बैठक में विचारोपरांत अजय शर्मा को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई का महा सचिव, सलमान अहमदको जिला संगठन मंत्री और मो० जुनैद को जिला कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया गया। बैठक में पत्रकार अजय शर्मा, सलमान अहमद, हनुमान प्रसाद गुप्ता, नजीब अहमद, मो० जुनेद, राहल सिंह, अन्ना मिश्रा, सूरज तिवारी,, सलमान साहिल, अशोक मिश्रा अन्ना, शिव कुमार वर्मा, जेपी गुप्ता, राजन कुमार सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# पार्वती पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ साइबर जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को सतर्क करने के उद्देश्य से रुपईडीहा थाना द्वारा बुधवार को पार्वती पब्लिक स्कूल जमुनहा रुपईडीहा में साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान को थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में किया गया।महिला उप निरीक्षक दीक्षा पटेल, उप निरीक्षक राहुल सरोज, आरक्षी आयुष कुमार एवं महिला आरक्षी कनक सरोज ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा मजबूत पासवर्ड की महत्ता के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सचेत रहने, संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान विद्यार्थियों को भविष्य में साइबर अपराधों से बचाने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र मिश्रा एवं उप प्रधानाचार्या मंदाकिनी मिश्रा के साथ शिक्षकों की टीम पृथ्वीराज, राकेश कुमार, ईश्वर सिंह, स्मृति मिश्रा, आफरीन, जसप्रीत, आरती, अंजलि, सायमा, तनु कौर, परमीत, उत्प्रीत, गुंजित आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

# साइबर अपराधों से बचाव हेतु बहराइच पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच।बीते बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थानों द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए गये। अभियान के अन्तर्गत अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में जाकर छात्रों और आम नागरिकों को डिजिटल अपराधों से सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण तरीकों के बारे में बताया गया। इस दौरान, थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा आरपीएम कॉलेज, थाना रुपईडीहा द्वारा पार्वती पब्लिक स्कूल, थाना फखरपुर द्वारा चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज, थाना रिसिया द्वारा आश्रम पद्धति गर्ल्स इं0का0, थाना मोतीपुर द्वारा बैजनाथ शाह किसान इं0का0, थाना पयागपुर द्वारा श्री रामप्रकाश इ0का0, थाना मटेरा द्वारा तिलक राम इं0का0, मूर्तिहा द्वारा डॉय राम मनोहर लोहिया इं0का0, महिला थाना द्वारा कन्या इं0का0, थाना रामगांव द्वारा ग्राम भगवानपुर, थाना हुजूरपुर द्वारा फूलबक्श इं0का0, बौण्डी द्वारा बौण्डी बाजार, थाना खैरीघाट द्वारा बेहटा बाजार में तथा अन्य थानों द्वारा भी अपने-अपने थानाक्षेत्र में मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये।इस दौरान किसी भी अज्ञात व्यक्ति को पैसा भेजने से पहले पूरी तरह से जांच-पड़ताल करने व अगर कोई व्यक्ति खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर पैसे या गोपनीय जानकारी मांगे तो तुरंत अपने नजदीकी थाने से संपर्क करने के लिए बताया गया। अभियान में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और अन्य विश्वसनीय ऑनलाइन सुरक्षा वेबसाइटों के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि लोग किसी भी फ्रॉड की स्थिति में त्वरित सहायता पा सकें।

# रूपईडीहा पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने पर 6 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच ।पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दीपक सिंह चौकी प्रभारी बाबागंज हमराह पुलिस बल द्वारा ग्राम बनकुरी, थाना रूपईडीहा में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में प्रथम पक्ष से इक्की पुत्र अकबर अली (28 वर्ष) निवासी सुजौली थाना रूपईडीहा, महमूद पुत्र हलीम खां उम्र 40 वर्ष, मिनूखा पुत्र हलीम खां उम्र 28 वर्ष, मसऊद पुत्र हलीम खां उम्र 32 वर्ष, गुफरान पुत्र महमूद उम्र 24 वर्ष निवासीगण बनकुरी थाना रूपईडीहा तथा द्वितीय पक्ष से राज पुत्र सोनू उम्र 20 वर्ष। बताया गया कि उक्त अभियुक्तगण आपस में विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे।शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने सभी अभियुक्तों को धारा 170 इठरर के अंतर्गत हिरासत में लिया। पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उन्हें माननीय न्यायालय नानपारा पेश किया।कार्रवाई में मानवाधिकार आयोग एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निदेशों का पालन किया गया।




# विद्यालयों में चला स्वाभिमान अभियान

## अमेठी में शिक्षक और छात्रों ने लिए 5 संकल्प, स्कूल को तीर्थ मानने की शपथ

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की पहल पर 'हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में परिषदीय, सहायता प्राप्त और माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के शिक्षक और छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों ने पांच महत्वपूर्ण संकल्प लिए। इनमें विद्यालयों को स्वच्छ और हरित बनाना, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना और बिना भेदभाव के शिक्षण कार्य करना शामिल है। साथ ही, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज सेवा का साधन मानने का संकल्प भी लिया गया। सभी प्रतिभागियों ने विद्यालय को सेवा-समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने की शपथ ली।जनपद के शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र और अनुदेशक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो भी साझा किए।इस पहल से न केवल शिक्षकों और विद्यार्थियों में, बल्कि समाज में भी विद्यालयों के प्रति स्वाभिमान और जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई। अभिभावकों और समाज के लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की।यह कार्यक्रम आने वाले समय में शिक्षक हित में सकारात्मक प्रभाव दिखाएगा।

# शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दें शिक्षकः अजय मिश्रा



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।क्षेत्र नवाबगंज के ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) में एफएलएन व पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण दो हाल में 50-50 शिक्षको के बैच गतिमान है। केआरपी अजय मिश्रा ने प्रतिभागियों को बताया कि प्रशिक्षण के बाद बताई गई शिक्षणविधियां व अन्य महत्वपूर्व टूल्स को सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में सुचारु रूप से प्रयोग करें और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय बैच के तृतीय दिवस का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में हुआ। एआरपी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि एफएलएन प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए सभी प्रशिक्षक ट्रैनिंग के दौरान बताये गए दिशा निदेशों को अपने विद्यालयों में पूर्णतः लागू करें।अंत में भाषा विकास में प्रश्नों का महत्व, चित्र /कहानी /पोस्टर आधारित, ग्रिड का इस्तेमाल, ब्लेडिंग आदि गतिविधिया कराई गई।प्रशिक्षण के दौरान जीतेन्द्र बहादुर, रविंद्र कुमार, अभिषेक मौर्य उपस्थिति रहे।

# त्यौहार को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।थाना क्षेत्र के सुजौली में बुधवार को बारावफात पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व चौकी इंचार्ज बाबागंज उपनिरीक्षक दीपक सिंह ने किया।जिसमे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, कमेटी पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण व बुद्धिजीवी शामिल हुए। चौकी इंचार्ज ने शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ आगामी त्यौहार मनाने की अपील की और बताया कि कही भी लगे कोई भी समस्या उत्पन्न हो सकती है तो तत्काल पुलिस व डायल 112 को सूचित करें।ऐसे लोगों को से सख़्ती से निपटा जायेगा।इस अवसर पर इस मौके पर प्रधान सलारपुर सफी अहमद, यूनुस, फतेह आलम, अनवर, महमूद अली, अब्दुल खालिद, इमाम अहमद हुसैन, उत्तम कुमार, मुहैयद्दीन, दिलदार, शमसुद्दीन, आमीन, बंगाली, पैरु, रफीक, बकरीदी, अमन अली, महमूद बीडीसी आदि उपस्थिति रहे।



# जमीनी विवाद में चटकी लाठियां, पांच घायल, अभियोग हुआ दर्ज

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत दलजीतपुरवा ग्राम पंचायत के पंडितपुरवा में बुधवार सुबह जमीन सम्बंधित विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होते होते लाठी डंडा और धारदार हथियार चलने लगे। मारपीट के दौरान पांच लोगों को चोटें आई हैं। गांव निवासी अब्बास 60 पुत्र भुसैली ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने गांव निवासी नकछेद आदि से जमीन खरीदा है।उसी को लेकर गांव निवासी जिमीदार आदि लोग गाली दे रहे थे।जिसका विरोध किया तो सभी एक साथ लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गए। बचाव में आए बेटे नजीर (40), ननकुन (30) तथा बब्बन 25 पर भी लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अब्बास पैर से दिव्यांग है, जिसे भी हमलावरों ने नहीं बक्सा सिर पर गंभीर चोटें आई है। प्रभारी थानाध्यक्ष महंत शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हैं।जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा गया है। रिपोर्ट दर्ज कर संवैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# दो परिषदीय विद्यालय को चोरो ने बनाया निशाना

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती थाना क्षेत्र रूपईडीहा के कम्पोजिट विद्यालय भवनियापुर खुर्द में चोरों ने किया हाथ साफ। परिषदीय विद्यालय संकल्पा प्रथम में अज्ञात चोरों ने कक्षा-कक्ष और रसोईघर का ताला और कुण्डी तोड़ कर रखा सामान उठा ले गए।ग्राम पंचायत लखैहिया के प्राथमिक विद्यालय संकल्पा प्रथम के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप ने बताया कि 2-3 सितम्बर की रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्यालय के कमरे एवं रसोईघर का ताला तोड़कर एमडीएम बर्तन राशन सहित अन्य सामान चुरा ले गए।पीड़ित शिक्षक ने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय में 22 जुलाई को चोरी हो चुकी है।वही दूसरी घटना थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय भवनियापुर खुर्द में कमरे व ऑफिस का बेखौफ चोरो द्वारा चोरी की नियत से ताला व कुंडी तोड़कर महत्वपूर्ण कागजात व सामानो के साथ छेड़छाड़ की गई।

# बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका जरूरी

## अमेठी के परिषदीय स्कूलों में शिक्षक-अभिभावक बैठक, नियमित उपस्थिति पर जोर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई।शिक्षक देवांशु सिंह ने निशुल्क पुस्तक वितरण और डीबीटी के बारे में बताया। अभिभावकों को बच्चों की कक्षा कार्य और गृह कार्य की कापियां रोज देखने की सलाह दी गई।सहायक अध्यापक संजीव कुमार ने माताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों को साफ-सुथरा और तैयार होकर स्कूल भेजना माताओं की जिम्मेदारी है। प्रधानाध्यापक शिव सिंह ने कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने अभिभावकों से हर सप्ताह स्कूल आकर बच्चों की प्रगति की जानकारी लेने का आग्रह किया। दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार की विशेष योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कंपोजिट विद्यालय हारीपुर में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रधानाध्यापक अमर बहादुर सिंह ने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक का संचालन सहायक अध्यापक हेमचंद पांडेय ने किया।

## संक्षेप

### एनएचएआई ने हंगामा करने वालों पर की कार्रवाई की मांग

**सैनिक की पिटाई के बाद गुस्साए लोगों ने भूनी टोल पर की थी तोड़फोड़ और मारपीट**

मेरठ, मेरठ-करनाल राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भूनी टोल प्लाजा पर सेना के जवान कपिल पर हमले के बाद हुई तोड़फोड़ और टोलकर्मियों से मारपीट के मामले में अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पुलिस और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। एनएचएआई के प्रबंधक तकनीकी अंकित आनंद ने डीएम और एसएसपी को डाक से प्रार्थना पत्र भेजकर कहा है कि 17 अगस्त की देर शाम टोल प्लाजा पर जवान कपिल और कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था। इसके अगले दिन 18 अगस्त को भीड़ ने टोल प्लाजा पर जमकर तोड़फोड़ की और टोलकर्मियों से मारपीट कर टोल वसूली रुकवा दी। तोड़फोड़ में सीसीटीवी कैमरे, एलईडी डिस्प्ले, कंप्यूटर सिस्टम, एसी यूनिट, फर्नीचर समेत कई जरूरी उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। हंगामे के बाद 19 अगस्त तक कोई स्टाफ ड्यूटी पर नहीं आया और एजेंसी संचालन शुरू नहीं कर सकी। एनएचएआई ने इसे प्रबंधन की नाकामी मानते हुए एजेंसी पर 20 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है और 15 जनवरी 2025 तक का अनुबंध समाप्त कर नई कंपनी के नाम टेंडर जारी कर दिया है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कहा कि फिलहाल एनएचएआई की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मार्निंग वॉक पर गया व्यापारी, चोर ने घर खंगाला

**सामान गिरने की आवाज पर घर में सो रही व्यापारी की पत्नी जागी, एफआईआर दर्ज**

मेरठ, सिविल लाइन इलाके में चोर ने अल सुबह व्यापारी का घर खंगाल दिया। जिस वक्त यह वारदात हुई व्यापारी मोनिंग वॉक पर गया हुआ था और घर पर पत्नी अकेली थी। सामान गिरने की आवाज पर व्यापारी की पत्नी की आंख खुल गई और उन्होंने चोर को देखकर शोर मचा दिया। चोर मौका पाकर भाग निकला। लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस को भी बुला लिया गया। मामले में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। शिवपुरी पॉश कालोनी है। यहां रहने वाले राजेश रस्तौगी हर रोज मार्निंग वॉक पर सर्किट हाउस जाते हैं। 27 अगस्त को भी वह सुबह साढ़े चार बजे मार्निंग वॉक पर निकल गए। जाते वक्त उन्होंने घर का बाहर से ही दरवाजा बंद कर दिया। राजेश नहीं जानते थे कि कोई उनके जाने का इंतजार कर रहा है। जैसे ही वह निकले, चोर मौका पाकर घर में घुस गया और पूरा घर खंगाल दिया। राजेश जिस वक्त घर से निकलते हैं, उस वक्त उनकी पत्नी घर में ही सोयी हुई थी। चोर चुपके से घर में घुसा और पूरा घर खंगाल दिया। अचानक कोई सामान गिरने की आवाज हुई और राजेश की पत्नी की आंख खुल गई। वह उठी तो देखा कि कोई बाहर की तरफ भाग रहा है। उन्होंने शोर मचा दिया लेकिन पल भर में चोर गायब हो गया। घर की हालत देखकर राजेश की पत्नी ने फोन पर राजेश को सूचना दी। कुछ ही देर में राजेश रस्तौगी घर लौट आए।

# प्रयागराज में सीमांचल एक्सप्रेस से 15 बच्चों को बचाया

## मानव तस्करी का खुलासा, बच्चों को मदरसे की आड़ में लुधियाना ले जा रहा था

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सीमांचल एक्सप्रेस से 15 बच्चों को मुक्त कराया। जोगबनी से आनंद विहार जाने वाली इस ट्रेन में मानव तस्करी की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि बच्चों को मदरसे में पढ़ाई के नाम पर काम कराने के लिए लुधियाना ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद आस्था महिला एवं बाल विकास संस्थान ने इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाई। संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर दिव्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि बिहार से उन्हें जानकारी मिली थी कि सीमांचल एक्सप्रेस से बच्चों को लुधियाना भेजा जा रहा है। मिजार्पुर में चेकिंग कराई गई, लेकिन ट्रेन मात्र दो मिनट रुकने के कारण बच्चों को नहीं बचाया जा सका। इसके बाद जैसे ही ट्रेन प्रयागराज जंक्शन की ओर बढ़ी, यहां के अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया। प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन के पहुंचने से पहले ही जीआरपी और आरपीएफ की टीमें महिला पुलिस बल के साथ सक्रिय हो गईं। जांच के दौरान स्लीपर कोच से 4 और जनरल कोच से 11 बच्चे बरामद किए गए। सभी बच्चों की उम्र 10 से 17 साल बताई जा रही है। इस दौरान एक महिला और उसके साथी ने दावा किया कि उनका बच्चा भी पकड़ लिया गया है। हालांकि, पकड़े गए बच्चों के पास कोई वैध कागजात नहीं मिले। सभी बच्चों का कहना था कि उन्हें ठेकेदार पढ़ाई के लिए ले जा रहा है। लेकिन जीआरपी को आशंका है कि उन्हें काम पर लगाने के लिए ले जाया जा रहा था। इस पूरे ऑपरेशन में बच्चों को ले जा रहा ठेकेदार मौके से फरार हो गया। जीआरपी इंस्पेक्टर अवलेश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित उतार लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच चल रही है। विधिक कार्रवाई कर दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की तालाब में मिली लाश

## तीन दिन से लापता छोटे लाल का शव मिला, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, जनका गांव में एक तालाब में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मीरपुर गांव निवासी छोटे लाल के रूप में हुई। वह पिछले तीन दिनों से लापता था। पिपरी थाना पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। परिजनों से शव की शिनाख्त कराई गई। परिवार ने बताया कि छोटे लाल मानसिक बीमारी से पीड़ित था। वह अक्सर बिना बताए घर से चला जाता था। तीन दिन पहले भी वह अचानक घर से गायब हो गया था। परिवार उसकी तलाश कर रहा था। शव की पहचान के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक कई सालों से मानसिक बीमारी का इलाज करा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चलेगा। प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत का अनुमान लगाया जा रहा है।

# पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

## तांबे के तार चोरी करने वाले दो आरोपी पैर में गोली लगने से घायल

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी निमार्णाधीन मकानों से बिजली के तार चोरी करते थे। पुलिस एमटेक कंपनी के सामने चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तिलपता गोलचक्कर की तरफ से बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आए। पुलिस ने रोकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान अनुज और सलाउद्दीन उर्फ टिल्लू के रूप में हुई है। अनुज मेरठ का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली में रहता है। सलाउद्दीन मेरठ के इंचौली का रहने वाला है और अभी कुलेसरा में रह रहा है। पुलिस ने दोनों से दो तमंचे, कारतूस और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। इनके पास से 25 किलो तांबे का तार भी मिला है। पूछताछ में पता चला कि यह तार एक निमार्णाधीन मकान से चुराया गया था, जिसे बेचने जा रहे थे। घायल आरोपियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# दो लोगों ने नोएडा एनसीआर में चोरी किए 100 वाहन

## 18 वाहन बरामद, छोटी दुकान और गांवों में सस्ते में बेचते थे; एक नाबालिग है

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना फेज-1 पुलिस ने एक सेक्टर 8 नर्सरी के गेट से लगभग 15 कदम की दूरी पर चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान अनुज शर्मा निवासी बुलंदशहर हुई। पूछताछ की गई तो नाबालिग को पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर कुल 18 वाहन बरामद किए गए। इसमें 15 बाइक, 3 स्कूटी, ऑटो थ्री व्हीलर है। ये सभी नोएडा दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों से चोरी किए गए हैं। अनुज पर 21 और नाबालिग पर 11 मुकदमे दर्ज हैं। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि नाबालिग के साथ मिलकर ये अपना गैंग चला रहा था। दिल्ली एनसीआर में कॉलोनियों, कंपनियों के बाहर खड़ी बाइक और वाहनों की रेकी करते। इसके बाद लॉक तोड़कर उनको चोरी कर ले जाते हैं। चोरी किए गए वाहनों को कही भी गली मोहल्ला में खड़ा कर चले जाते हैं। कुछ दिन बाद सभी चोरी के वाहनों को एक स्थान पर एकत्रित करते हैं। ये लोग सेक्टर-8 में एफ ब्लाक में खाली स्थान पर गाड़ी को छिपाए थे। ये लोग स्थान को बदलते रहते थे। ताकि किसी को शक न हो। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि ये दोनों लोग शातिर किस्म के हैं। गुड़गांव के अलावा नोएडा, दिल्ली में इन लोगों ने 100 से ज्यादा वाहन चोरी किए हैं। ये लोग विगत दो से तीन सालों से चोरी कर घटना कर रहे थे।

# बच्ची को जंगल में ले जाने का प्रयास

## संदिग्ध लगने पर लोगों ने पकड़ा, पहले पीटा फिर पुलिस को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, थाना सेक्टर-24 स्पाइस मॉल के पीछे लोगों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। आरोप है कि वह व्यक्ति एक बच्ची को झाड़ियों में लेकर जा रहा था। पकड़े जाने पर उसने भगने का प्रयास किया। लोगों ने उसकी पिटाई की। पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी पहचान सुशील के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 45 साल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि निठारी में रहने वाले आरोपी अपने घर के सामने रहने वाली महिला को काम पर छोड़कर उसकी बेटी को अपने साथ लेकर आ रहा था। बताया गया कि वो बेटी घर छोड़ने की बजाय स्पाइस मॉल के पीछे जंगल में ले जाने लगा। संदिग्ध लगने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। बच्ची से बातचीत की। इसके बाद आरोपी की स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें जंगल की रोड़ पर काफी भीड़ है। दो लोग आरोपी को पीट रहे हैं।



# ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर की ठगी

- व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए युवक से 1.30 करोड़ लिए, साइबर सेल में शिकायत दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, साइबर अपराधियों ने एक युवक को ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1.30 करोड़ रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित अनुज जैन ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अनुज ने शेयर मार्केट में खाता खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसी दौरान उन्हें एक व्हाट्सएप लिंक मिला। इस लिंक से वे एक निवेश ग्रुप से जुड़े। ग्रुप की एडमिन ने खुद को अनुभवी निवेशक बताया। उन्होंने अनुज को कम समय में ज्यादा मुनाफे का लालच दिया। ठगों ने पहले अनुज से छोटी रकम जमा कराई। उन्हें फर्जी रिटर्न भी दिखाया गया। इससे अनुज का भरोसा बढ़ा। फिर उन्होंने बड़ी रकम निवेश करना शुरू कर दिया। जुलाई-अगस्त 2025 के बीच अनुज ने कई बार में करीब 1.30 करोड़ रुपये अलग-अलग खातों में जमा किए। जब अनुज ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने कमीशन के नाम पर और पैसे मांगे। तब उन्हें समझ आया कि वे साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। अनुज ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर तीन शिकायतें दर्ज कराईं। सभी लेन-देन के सबूत पुलिस को सौंप दिए।

# नोएडा में खाते से निकाले गए 44 लाख

## मोबाइल हैक कर 20 बार में निकाले गई रकम, बेटी की शादी के लिए बेची थी जमीन

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, बेटी की शादी के लिए जमीन बेचकर बैंक में जमा रकम साइबर अपराधियों ने निकाल ली। मोबाइल हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार का दावा है कि उसने बैंक और खाता संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं की। इसके बावजूद उसके साथ 44 लाख रुपए की ठगी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के खाते से साइबर अपराधियों ने 20 से अधिक बार में रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की। बैंक से रकम निकालने गए दुकानदार को खाता खाली मिलने पर अपने साथ ठगी होने का पता चला। जिन खातों में ठगी की रकम गई है पुलिस ने उनकी जांच करनी शुरू कर दी है। सेक्टर 141 के शाहदरा गांव निवासी कालीचरण ने बताया कि वर्तमान में वह प्लास्टिक का सामान बेचने की दुकान करते हैं। उनकी पांच बेटियों में से दो की शादी हो चुकी है। तीसरे नंबर की बेटी की शादी के लिए वह लंबे समय से रिश्ता देख रहे थे। बेटी की शादी के लिए कालीचरण ने बीते दिनों बुलंदशहर में अपनी तीन बीघे जमीन बेच दी। जो भी रकम मिली उसे उसने बैंक आफ इंडिया की भंगेल शाखा के खाते में जमा कर दिया ताकि शादी के पहले रकम निकाली जा सके। बीते 22 अगस्त को जब वह इसमें से कुछ रकम निकालने के लिए बैंक गए तो उन्हें ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने निकासी का फार्म भरकर खिड़की पर दिया तो कर्मी ने उनके खाते में पर्याप्त रकम नहीं होना बताया। इस पर कालीचरण ने पासबुक दिखाते हुए कहा कि उनके खाते में महीने के शुरूआत में 44 लाख रुपए से ज्यादा की रकम थी। बैंककर्मी ने बताया कि खाते से आठ से 14 अगस्त के बीच 44 लाख रुपए नेटबैंकिंग के जरिए निकाले गए हैं।

यह जानकार उनके होश उड़ गए। पत्नी और बेटी को बताया तो उनको भी धक्का लगा। इसके बाद पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर मामले की शिकायत की। अब इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का फोन आठ अगस्त को बंद हो गया था। 14 अगस्त को मोबाइल ठीक हुआ। इस दौरान मैसेज आना बंद हो गया और मोबाइल का सभी डाटा डिलीट हो गया।

# बंद मकान से 3.5 लाख की चोरी

## परिवार के लोग दूसरे घर में सोने गए थे, लौटने पर पता चला



अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मुरादनगर स्थित पठानान कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर 3.5 लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। घटना पठानान कॉलोनी निवासी चांद मियां के घर में हुई। चांद मियां ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ निमार्णाधीन मकान में सो रहे थे। पुराने मकान में ताला लगा दिया था। सुबह जब वह परिवार के साथ घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर सेफ में रखी नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## भूमि विवाद में महिला किसान को न्याय नहीं, भाकियू ने दिया धरना

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भारतीय किसान यूनियन (बलराज) की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी सिवाच के नेतृत्व में आज कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बागपत की किसान उर्मिला की जमीन से जुड़े विवाद को लेकर किया गया। उर्मिला, जो पुरा महादेव, बागपत की निवासी हैं, की भूमि गाटा संख्या 266 और 267 निजी चक में स्थित है।

इस भूमि पर वह वर्षों से खेती करती आ रही हैं। विवादित भूमि हिंडन नदी के किनारे स्थित है, जहां कुछ सहखातेदारों का हिस्सा नदी की धारा में बह गया है। मामले में आरोप है कि कुछ सहखातेदार अवैध रूप से सरकारी चकरोड और नाली की भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। उर्मिला का आरोप है कि विपक्षी लेखपाल अंशुल कुमार से मिलीभगत कर उनकी भूमि की गलत रिपोर्ट तैयार करवा रहे हैं। पीड़िता के पुत्र संजय कुमार ने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से मिलकर अपनी समस्या बताई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके विपरीत उन्हें धमकाया गया। भाकियू के प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा यही रहा कि प्रशासन भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई करे और पीड़ित किसान परिवार को न्याय मिले।

# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 4 सदस्यों को दबोचा

- 7 गाड़ियों सहित फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद, ऑन डिमांड चोरी करते थे गाड़ियां

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोरों के सलमानी गैंग का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस गिरोह के चार शातिर अपराधियों, चाँद, सूफियान, उवैश और बृजमोहन उर्फ बीएम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात चोरी की कारें, फर्जी नंबर प्लेट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अवैध असलहे बरामद किए हैं। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह अब तक 50 से 60 से अधिक वाहन चोरी कर रिसीवरों को बेच चुका है। पुलिस के अनुसार, गैंग का सरगना फारूख सलमानी है जो पहले भी शराब तस्करी और वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, हरिद्वार और उत्तराखंड में दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह ऑन-डिमांड गाड़ियां चोरी करता था और दिल्ली-एनसीआर, अलीगढ़, मेरठ, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और झारखंड तक अपने नेटवर्क के जरिए चोरी की गाड़ियां बेचता था। पकड़े गए आरोपियों ने खुलासा किया कि ब्रेजा कार 70 हजार रुपये, स्विफ्ट कार 65 हजार, सियाज 80 हजार और क्रेटा कार करीब एक लाख रुपये तक में रिसीवरों को बेची जाती थी। चोरी की गई कारों को गैंग कौशाम्बी बस स्टैंड के पास ग्राउंड में खड़ी कर रखता और डिमांड के अनुसार रिसीवरों को सौंप देता था। गिरफ्तार अपराधियों पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। चाँद पर 15, सूफियान पर 13, उवैश पर 16 और बृजमोहन पर 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी बरामद गाड़ियों को कब्जे में लेकर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर ने इस सराहनीय कार्य के लिए टीम को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस का दावा है कि इस गैंग के पकड़े जाने से दिल्ली-एनसीआर में वाहन चोरी की घटनाओं में बड़ी कमी आएगी।

## मारपीट करने में चार नामजद

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शराब पीकर गाली गलौज करने तथा मना करने पर मारपीट करने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी राजू श्रीवास ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र अमित दुकान से सामान लेने गया था। दुकान के बाहर गांव निवासी पवनेश, अवधेश, संतराम शराब पीकर गाली गलौज करने लगे। उसका पुत्र चुपचाप घर लौट आया। तभी यह उसके पीछे घर आ धमके और गाली गलौज करके मारपीट करने लगे। बचाने आए भाई अमर सिंह तथा पत्नी रानी को भी पीटा। मारपीट करने में पवनेश का पिता कामता भी शामिल रहा। पुलिस में चारों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

## दुष्कर्म अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को कोतवाली पुलिस की सक्रियता दिखाते हुए गिरफ्तार कर भेज दिया जेल भेज दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त बांदा जनपद के कस्बा पैलानी निवासी मोहित पुत्र रामकिशुन ने एक वर्ष पूर्व एक लड़की को शादी का झांसा देते हुए बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वांछित की तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त होते ही कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अभियुक्त को मंगलवार शाम कस्बे के बड़े चौराहा से गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया।

## बारिश के चलते मजदूर का रिहायशी मकान ढहा

बारिश के चलते मकान गिरना सुरु

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या 2 इमिलिया थोक की एक मजदूर का बारिश के चलते कच्चा मकान ढह जाने से वह पन्नी डालकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है वार्ड संख्या 2 की निवासी शिवकुमारी पत्नी शिवदास सोनकर ने बताया कि लगातार बारिश के चलते उसका कच्चा मकान ढह गया है। वह खुले आसमान के नीचे पन्नी डालकर रहने को मजबूर है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 2 कारोबारी दोस्तों समेत 3 की दर्दनाक मौत : परिजनो में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



विनय द्विवेदी, मृतक    अर्पित, मृतक

अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ब्रेजा कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार दो कारोबारी दोस्तों सहित 3 लोगों की मौत हो गई। तीनों आजमगढ़ से लखनऊ लौट रहे थे। तड़के साढ़े तीन बजे कैंटीन पर खाना खाने के लिए कार को मोड़ रहे थे, तभी दूसरी ओर से जा रहा ट्रक सामने आ गया।

ड्राइवर कार को संभाल नहीं पाया और कार ट्रक से साइड में जा भिड़ी। हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के 60.1 किमी पॉइंट पर हुआ। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। देखा तो तीनों के शव कार में फंसे थे।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकालने की कोशिश की, लेकिन शव नहीं निकले। इसके बाद पुलिस ने क्रेन से कार को खिंचवाया। फिर दरवाजा तोड़कर शवों को बाहर निकाला। करीब 2 घंटे तक शव फंसे रहे।टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पिचक कर आधी रह गई। एयरबैग भी खुल गए थे, लेकिन उससे किसी की जान नहीं बच पाई। मरने वालों में से दो लोग कानपुर और एक लखनऊ के रहने वाले थे।

### कांट्रैक्ट साइट देखने आजमगढ़ गए थे

मृतकों की पहचान कानपुर के बर्रा निवासी अर्पित विश्वकर्मा (32), विनय दुबे (32) और लखनऊ के पराग डेयरी निवासी विमल पांडेय (40) के रूप में हुई है। विनय दुबे एक कंपनी चलाते थे। कंपनी के माध्यम से वे अलग-अलग शहरों में लगने वाली प्रदर्शनियों में कैनोपी और साइड वॉल बनाने का ठेका लेते थे। विमल पांडेय उनके पुराने दोस्त और बिजनेस पार्टनर थे।। दोनों को आजमगढ़ में एक प्रदर्शनी का ठेका मिला था। मंगलवार को ड्राइवर अर्पित विश्वकर्मा को लेकर ब्रेजा कार से साइट देखने आजमगढ़ गए थे। देर रात लखनऊ लौट रहे थे।

### चाय पीने के लिए कार को मोड़ रहे थे

चाय पीने के लिए कार मोड़ रहे थे तभी अचानक दूसरे छोर से आ रहे ट्रक की साइड में कार घुस गई। तीनों के शव कार में फंसे रह गए। पुलिस ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला।

## राहुल राज इंटरनेशनल ग्रुप ने प्रस्तुत की मनमोहक झांकियां

### गणेश सेवा समिति ने सीओ सदर को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नगर पंचायत के समीप गणेश पंडाल का निरीक्षण करने पहुंचे सीओ सदर का गणेश सेवा समिति ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।मंगलवार की रात नगर पंचायत के समीप गणेश पंडाल में राहुल राज इंटरनेशनल ग्रुप ने विभिन्न झाकियां दिखाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसी बीच सीओ सदर राजेश कमल निरीक्षण के लिए गणेश पंडाल में पहुंचे। गणेश सेवा समिति ने इनको प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। उन्होंने कुछ देर रुक कर पंडाल में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी देखा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद उर्फ बाबू सोनी, संरक्षक जयकरण सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, अनुज शिवहरे, बालगोपाल गुप्ता, सोनू तिवारी, श्यामलाल गुप्ता, अनुभव मिश्रा, संजय गुप्ता, राकेश ओमर, लाला शिवहरे आदि मौजूद रहे। उधर रामलीला मैदान में श्री राधेराधे मुकेश राज कानपुर की पार्टी ने देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की।इस मौके पर के समिति के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जलविहार के लिए निकला भगवान का विमान, घर-घर उतारी गई आरती



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरौठा के ग्राम कचीर में स्थित श्री बजरंग बाबा मंदिर पर बुधवार को जलविहार महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भक्ति के माहौल में गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम राजा सरकार का विमान मंदिर से प्रस्थान होकर ग्राम भ्रमण पर निकला। ग्राम भ्रमण के दौरान घर - घर महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने भगवान की आरती उतारी । रात्रि में वीरेंद्र सिंह जूदेव के यहां भगवान जी के विमान का विश्राम किया गया। जहां देर रात तक भक्तों द्वारा रात्रि जागरण करते हुए भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा । शुक्रवार 5 सितंबर को जलविहार के पश्चात भगवान जी को पुनः मंदिर में विराजमान कर दिया जाएगा। ग्राम भ्रमण के दौरान प्रमुख रूप से पंडित ओमप्रकाश शर्मा, हरप्रकाश तिवारी, पिंटू परिहार, रामकुमार यादव (बंटे) लालूप्रसाद, कल्लू नापित आदि लोग मौजूद रहे।

## टेढ़ा कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका को मिला सह महर्षि विश्वामित्र सम्मान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर कंपोजिट विद्यालय टेढ़ा के सहायक अध्यापिका अफरोज जहां को बिहार प्रांत के बक्सर के डुमरांव में सह महर्षि विश्वामित्र सम्मान से सम्मानित किया गया है वर्ष 2025 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर टेढ़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट की सहायक अध्यापक अफरोज जहां को शिक्षा में बदलाव विषय पर एक विशेष सेमिनार में सह महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम बिहार प्रांत के बक्सर के डुमराव में आयोजित किया गया था। शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर प्रदान किया गया।उनके सम्मानित होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रेमवती वर्मा, शिक्षक इमामुद्दीन, हसीन फातिमा, रामविलास साहू, डॉ.ओम नारायण आदि ने हर्ष जताया है।

## कन्या उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। बुधवार को कस्बा कुरारा के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिनमें कक्षा 8 के छात्र कोमल, सिमरन, कंचन, अनीता ज्योति, खुशबू, चाहत, दीक्षा, महक , रमा, व कक्षा 7 के श्रुति, साक्षी नंदिनी, मीना, शेजल, कक्षा 6की नैन्सी, मोनिका, सौम्या, उन्नति, सहित 26 छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया इस अवसर पर चेयरमैन आशारानी, प्रधानाध्यापक किरनलता गुप्ता, नाहीद हाशमी, राजीवकुमार, कमल किशोर मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विराट विमान सम्मेलन का हुआ उद्घाटन, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संदीप रहे उपस्थित

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। श्री गहोई वैश्य नवयुवक सेवा मंडल मऊरानीपुर के तत्वाधान में बुंदेलखंड के ऐतिहासिक प्रांतीय मेला जलविहार महोत्सव में आयोजित 42वें अखिल भारतीय विराट विमान सम्मेलन का उद्घाटन 2 सितंबर को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करने मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी, पूर्व मेयर रामतीर्थ सिंघल, प्रदीप कुचया व विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम बिलगाईयां, अरविंद रावत, राकेश रखोल्या, अजीत गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष श्याम जी गुप्ता एवं सेवा संस्थान के संस्थापक अशोक कष्ट बार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस आयोजन में दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से आए हुए विमानों पर प्राण प्रतिष्ठित देव की प्रतिमाओं के दर्शन एवं विहार की व्यवस्था है। इस आयोजन में मेले के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है 2 सितंबर से प्रारंभ होने वाला यह सम्मेलन 6 सितंबर को समाप्त होगा। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दूर दराज से आए कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होते हैं कार्यक्रम को सफल बनाने श्री गहोई वैश्य नवयुवक सेवा मंडल कार्यकारिणी से विशाल मोर, अतुल कनकने, अंशुल कनकने, उत्कर्ष सरावगी( अध्यक्ष), अश्विनी (महामंत्री), अभिषेक (कोषाध्यक्ष), शिवम मोर, नैतिक, साकेत पहारिया सह कोषाध्यक्ष, रामू सुहबे, विजय मोर कनिष्ठ मंत्री का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से अनुज प्रताप सिंह, संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता, दीक्षा साहू, राजू सेन, शशांक गुप्ता, राहुल रायकवार, महेंद्र रायकवार आदि उपस्थित रहे।

## सीडीओ को निरीक्षण में ब्लाक की समितियों में उपलब्ध मिली डीएपी यूरिया



### पचखुरा महान में नदारत मिली आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वेतन रोका

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक निबंधक सहकारिता के साथ ब्लॉक क्षेत्र की सहकारी समिति हेलापुर, पचखुरा महान, सुमेरपुर का निरीक्षण करके डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता का निरीक्षण किया मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने सुबह सहायक निबंधक सहकारिता के साथ मिलकर क्षेत्रीय सहकारी समिति हेलापुर, क्षेत्रीय सहकारी समिति सुमेरपुर, क्रय विक्रय सहकारी समिति सुमेरपुर, क्षेत्रीय सहकारी समिति पचखुरा महान पहुंचकर डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता की जानकारी ली।उन्होंने बताया कि हेलापुर में 21 बोरी डीएपी एवं 86 बोरी यूरिया स्टाक में पाई गई। यहां पर कोई किसान मौजूद नहीं मिला। क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति में यूरिया 2.970 एमटी तथा डीएपी 19 एमटी उपलब्ध थी। क्रय विक्रय में यूरिया 17 बोरी तथा डीएपी पांच बोरी मौजूद थी।इसी तरह पचखुरा महान में 35 बोरी यूरिया, 5 बोरी डीएपी मौजूद मिली।इसके उपरांत सीडीओ ने राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण किया। यहां पर चिकित्साधिकारी डॉक्टर वंदना नदारत मिली। इस पर उन्होंने क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं युनानी को निर्देश दिए हैं कि वह एक दिन का वेतन रोकने का आदेश पारित करें।

## पीड़ित अपनी मां व कुछ रिश्तेदारो के साथ धरने पर बैठ गयी

### मां के साथ बैठी धरने पर

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर दो माह से थाने के चक्कर लगाने के बाद भी जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो पीड़ित अपनी माँ व कुछ रिस्तेदारो के साथ थाना परिसर में धरने पे बैठ गई है।पीड़िता ने बताया की पुलिस मुकदमा दर्ज करने में आना कानी कर रही है।मामला मनकी कला गांव का है। मनकी कला गांव निवासी प्रिया निषाद पुत्री स्व. कमल निषाद उम्र करीब 20 वर्ष ने थाने परिसर में बताया कि उसकी विधवा माँ ने उसकी शादी ग्राम कल्याणपुर थाना सजेती जिला कानपुर के निवासी प्रदीप पुत्र सुरेश निषाद के साथ तय कर दी थी। बीते वर्ष 20 नवंबर 2024 को बरीक्षा व गोद भराई की रश्में भी हो चुकी है। इन रश्मो के बाद प्रदीप प्रिया के घर आने जाने लगा और उसे फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाने लगा और शारीरिक संबंध बनाते हुए फोटो वीडियो भी बनाये। जब उससे शादी के बारे में पूछा जाया करे तो गर्मियों में शादी की बात बताता रहा। वही करीब दो माह पहले उसने शादी से इनकार कर दिया और बोला कि अगर कही शिकायत की तो तेरे फोटो और वीडियो वायरल कर दूंगा। जिसपर पीड़िता दो माह से कुरारा थाने के चक्कर लगा रही है परंतु हर बार पुलिस उसे डांटकर भगा देती रही। बुधवार सुबह जब पुनः प्रिया अपनी माँ व दो अन्य रिस्तेदारो के साथ थाने पहुची तो उन्हें फिर से टरका दिया जाने लगा। तभी प्रिया अपनी माँ व दो अन्य रिस्तेदारो के साथ थाने में लगे बरगद के पेड़ के चबूतरे पर धरने में बैठ गई। इस संबंध में थाना इंचार्ज व ट्रेनी सीओ प्रतिज्ञा सिंह ने बताया कि पीड़िता का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## पीड़ित महिला ने पति सहित ससुराली जनों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर पुलिस को दी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। 3 सितंबर थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी महिला ने पति सहित ससुरालियों द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी महिला रोशनी पत्नी रोहित यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरा पति जुआं खेलने का आदी है। तथा मेरा जेवर गिरवी रखकर जुएं में हार गया है। तथा गांव में भी कर्ज लिए है। पति मारपीट कर मायके से पैसे लाने के लिए कहता है न लाने पर घर में रहने देने की धमकी देता है। तथा गला दबाकर मार डालने की धमकी देता है। इस कार्य में ससुर रामधनी भी अपने पुत्र का पक्ष लेकर कहता है। कि मार डालो दूसरी शादी हो जाएगी। ससुर अपने पुत्र से कहता है कि तुम मरने का नाटक करो तब यह अपने मायके से पैसे लाएगी। तथा पति बाहर से खाना खाकर आ जाता है। तथा मुझे खाना नहीं खाने देता है। तथा रोज प्रताड़ित करता है। तथा बच्चे के साथ कोई घटना न कर दे। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देकर पति रोहित व ससुर रामधनी यादव के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## मुख्य सड़कों से गौ संरक्षण कैटल सेट में लाद कर गौ संरक्षण केंद्र में छोड़ा

### अन्ना जानवरों को पकड़ती टीम

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। अन्ना जानवरों से घायल हो रहे राहगीरों को देखते हुए शासन के निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिका कर्मचारियों ने कैटल सेट में लादकर गौ संरक्षण केंद्र ले जाया जा रहा है इसके बाद भी नगर की मुख्य सड़कों पर गौवंश की भीड़ देखने को मिल रही है। बताते चलें कि लगातार दुर्घटनाओं का समाचार पत्रों में प्रकाशित होने पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद मौदहा गौशाला प्रभारी राजेंद्र कुमार को तत्काल कार्रवाई करने के लिए नियुक्त किया जिसमें गौशाला प्रभारी ने अपनी टीम के साथ सड़क में घूम रहे अन्ना गौवंशों को डीसीएम (केटल सेट) मे लादकर मुश्किल से अस्थाई गौशाला ले जाया जा रहा है जबकि इसके बाद भी गौवंशो के पशुपालक अपने पालतू जानवरों को दूध निकालने के बाद दर-दर भटकने के लिए सड़कों में छोड़ देते जो सड़कों पर बैठे या टहलते हुए गौवंश से आज भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## खराब हैंडपंप को फेल बताकर दूसरी जगह लगवाने की शिकायत ब्लाक प्रमुख से की

### ब्लाक प्रमुख से शिकायत करते

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत बांकी के आधा दर्जन ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख को शिकायत सौंप कर सही हैंडपंप को प्रधान द्वारा खराब बताकर सही न कराकर रिबोर के नाम पर दूसरी जगह लगवाने की कोशिश करने का आरोप लगाकर हैंडपंप ठीक करने की मांग की है। बांकी निवासी निर्दोष कुमार, भूरेलाल, मिथिलेश, सिद्धगोपाल, दिनेश कुमार, अतुल प्रजापति, ओमप्रकाश, रामकृपाल आदि ने ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया कि गांव के अरविंद प्रजापति के दरवाजे पर ग्राम पंचायत का हैंडपंप लगा है। इसकी महज चैन टूटी है। अगर चैन बदल दी जाए तो हैंडपंप चालू हो जाएगा। लेकिन प्रधान जीवन श्रीवास ने अरविंद प्रजापत से सांठगांठ बनाकर इसको खराब दर्शाकर दूसरी जगह लगवाने की कवायद शुरू कर दी है। इससे उन लोगों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों ने हैंडपंप ठीक कराकर चालू करने की मांग ब्लॉक प्रमुख से की है। ग्राम प्रधान जीवन श्रीवास ने ग्रामीणों के आरोपो को निराधार बताते हुए कहा कि मौके पर मौजूद हैंडपंप को ही ठीक करा कर चालू करने का एस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है।

## शौच के लिए गया वृद्ध ट्रेन की चपेट में आया मौत

अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वृद्ध सुबह रेलवे पटरी किनारे शौच के लिए गया हुआ था। तभी ट्रेन की चपेट में आ गया कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी बाबू बाल्मीकि ने बताया कि उसके पिता नत्थू बाल्मीकि (70) सुबह करीब 7:00 बजे शौच के लिए रेलवे पटरी के किनारे गए थे।तभी वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गए। जिसकी ठोकर लगने से यह पटरी किनारे जाकर गिर गए और इससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पुत्र बाबू, बच्चू व गोरे को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## बाइक सवार युवकों ने दुकानदार से की टप्पेबाजी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के रामलीला मैदान मार्ग में सौंदर्य प्रसाधन की दुकान से दो बाइक सवार युवक करीब पांच हजार रुपए की सामग्री लेकर दुकानदार को चकमा देकर रफूचक्कर हो गए पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। व्यापार मंडल अध्यक्ष की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी खंगाल कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। रामलीला मैदान मार्ग में लोटन प्रसाद गुप्ता की सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकान है। मंगलवार को शाम करीब 5:30 बजे दो युवक बाइक से दुकान में आए और ब्रांडेड कंपनियों के क्रीम, पाउडर लिपस्टिक आदि पैक कराकर पर्चा बनवाया। पर्चा बनवाने के बाद उन्होंने दो पाउडर और मांगे जब दुकानदार अंदर पाउडर लेने चला गया। इसी बीच युवक सामान का गत्ता उठाकर बाइक से फरार हो गए पाउडर लेकर बाहर आए दुकानदार युवकों गायब देखकर भौचक रह गया। बुधवार को सुबह सूचना पाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार से घटना की जानकारी लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर टप्पेबाज युवकों की तलाश शुरू की है।

## उर्स के दूसरे दिन जायरीनों ने छका लंगर, आज कुल के साथ उर्स का होगा समापन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। हजरत मुख़्तार अहमद निजामी के उर्स में दूसरे दिन जायरीनों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं अकीदतमंदों ने बाबा के दर पर माथा टेक दुआएं मांगी। उर्स में लगे झूले व दुकानों में भारी चहल-पहल रही। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा मुख़्तार अहमद निजामी के तीन दिवसीय सालाना उर्स में मंगलवार को देर रात शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ। उर्स के दूसरे दिन बुधवार को सुबह फातिहा के बाद दिन भर लंगर खिलाया गया और चादरपोशी का सिलसिला भी जारी रहा। इसी क्रम में बाहर से आए मेहमान कव्वाल अनस चिश्ती ने शानदार कव्वालियां प्रस्तुत की जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। आज कुल की फातहा के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा।

## वनाधिकारी की मिलीभगत से रातोरात गायब हो रहे वेशकीमती पेड़

### भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने सीएम से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। हाईवे किनारे खड़े वेश कीमती पेड़ वनाधिकारियों की मिलीभगत से रातोंरात काट कर गायब किए जा रहे हैं। इस पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने आपत्ति जताकर मामले की शिकायत डीएफओ से की। डीएफओ ने मामले की जानकारी देने से इनकार करते हुए भाजपा नेता को झिड़कते हुए कहा कि हम आपको बताने के लिए बाध्य नहीं है। भाजपा नेता ने प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए जांच की मांग की है।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव का आरोप है कि वन विभाग की मिलीभगत से चंदपुरवा गेट से लेकर प्रेमनगर तक हाइवे किनारे खड़े शीशम, लभेड़ आदि के वेशकीमती पेड़ काटकर रातों रात गायब किए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने इस प्रकरण से डीएफओ अनिल श्रीवास्तव को फोन से अवगत कराया। बातचीत के दौरान तैश में दिखे डीएफओ ने भाजपा नेता से कहा कि वह बताने के लिए बाध्य नहीं है और फोन काट दिया। यह बात भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव को नागवार लगी। उन्होंने बातचीत का ऑडियो वायरल करके अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। कहा कि सरकार में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से सबूत के साथ करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## भा जा पा अनुसूचित मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को बुके व भागवान बुद्ध का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

### स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करती भा जा पा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला संगठनात्मक गोष्टी भाजपा अनुसूचित मोर्चा की बैठक हुई जिसके मुख्य अतिथि विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा सोनकर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा रहे कार्यक्रम अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने की इस बैठक के मुख्य अतिथि को संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने बुके व भगवान बुद्ध का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया और अपने गांव ग्राम डिब्बा नेवादा के प्रवेश द्वार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व धनीराम कमल के नाम व सड़क का निर्माण कराने के लिये ज्ञापन दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बताया बाबा डा भीम राव अम्बेडकर का जो सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया वह किसी ने नही दिया भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब के पंचशील का निर्माण कराया और भारत रत्न से सम्मानित किया और पार्टी को आगे बढ़ाने की बात कही की गांव मुहल्लों में जाकर लोगो को जोड़ने का काम काम करना और अनुसूचित लोगो को सरकार की उपलब्धियों को बताना और मोर्चे को मजबूत बनाना है इस बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने अपने विचारों में कहा सभी को एकजुट होकर मोर्चे को मजबूत करना है इस कार्यक्रम के प्रभारी लक्ष्मी रत्न शाहू रहे और इस बैठक में रामविलास जिला उपाध्यक्ष अनीश जिला महा मंत्री मण्डल अध्यक्ष विकाश वर्मा आदि मोर्चे के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

लॉस एंजिल्स। ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।

***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा,




भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्मे थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।